# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष: 13 | अंक: 164 | गौतमबुद्धनगर, सोमवार 13 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236





P- 3

2027 तक 26 लाख वर्गमीटर होगा लैंड बैंक





P- 4

बेटी की फीस को लेकर झगड़ा... पत्नी ने किया सुसाइड





P- 5

तीसरे विश्वयुद्ध की आहट : इरान ने दी परमाणु बम दागने की धमकी





P- 6

पहलवान अमन सहरावत ने भारत को पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया




## हैप्पी मॉर्निंग

पप्पू- मां ये लड़कियां इतने व्रत क्यों रखती हैं?
मां- बेटा इतनी आसानी से थोड़ी मिल जाएगा किसी को तू पप्पू
(मन ही मन सोचता हुआ) बोला- कसम से आज पहली बार
देवता वाली फीलिंग आ रही है




## शायरी

क्यूँ पशेमाँ हो अगर वादा वफ़ा हो न सका
कहीं वादे भी निभाने के लिए होते हैं

## अर्थसार

सेंसेक्स:
72,664.47
+260.30 (0.36%)
निफ्टी:
22,055.20
+97.70



## मौसम



अधिकतम : 39 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से
सूर्योदय मंगलवार : 5 : 46
सूर्यास्त सोमवार : 7 : 07

# पलामू में कबाड़ी कारोबारी के घर फटा बम : 4 की मौत, तीन घायल

## मृतकों में कारोबारी और उसका बेटा भी शामिल, बेटी की हालत गंभीर

पलामू। पलामू में एक कबाड़ी कारोबारी के घर में बम फटने से चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में कारोबारी इश्तेयाक अंसारी और उनका बेटा माजिद अंसारी (13) भी शामिल है। इन दोनों के साथ ही पड़ोसी अकबर अंसारी का बेटा वारिश अंसारी (6) और हजरत अंसारी का बेटा शाहिद अंसारी (8) की मौत हुई है। वहीं, इस घटना में तीन अन्य घायल हुए है।

घटना रविवार की देर शाम मनातू थानाक्षेत्र के नौडीहा की है। बम विस्फोट की घटना इश्तेयाक अंसारी के घर पर हुआ। वो कबाड़ी का काम करता था। घटना में कबाड़ी कारोबारी इश्तेयाक का बेटा शहादत आलम, बेटी



अफशाना खातून और रुकसाना खातून गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। सभी का इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में चल रहा है।

### ऐसे हुआ हादसा

जानकारी के मुताबिक इश्तेयाक रोज की तरह दोपहर में इलाके में घूम घूम कर कबाड़ी खरीद कर घर आया था। शाम में कबाड़ी को तौलने के लिए तराजू पर चढ़ाया, उसी वक्त ब्लास्ट हो गया और सभी उसके चपेट में आ गए।

### इश्तेयाक के शरीर का चिथड़ा उड़ गया

घटना में इश्तेयाक के शरीर का चिथड़ा उड़ गया। हॉस्पिटल पहुंचे ग्रामीणों के मुताबिक किसी ने कबाड़ी में इश्तेयाक को पाइप दिया था। इसी में बम डालकर रखा गया था। बोरा से तराजू पर पाइप को जैसे ही गिराया, घटना हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर मनातू पुलिस पहुंच कर जांच कर रही है।

# बिहार में बिजली गिरने से 11 की मौत

## एमपी-छत्तीसगढ़ में आज बारिश-ओले का अलर्ट; राजस्थान समेत 5 राज्यों में तापमान 40 के पार



नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में आंधी बारिश और बिजली गिरने का दौर जारी है। बिहार में पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने कहा है कि यहां आज 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।

मौसम विभाग ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और कर्नाटक में आज तेज बारिश की संभावना जताई है। वहीं, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है।

इसके अलावा झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, केरल, कर्नाटक, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी हल्की बारिश होगी। यहां धूलभरी आंधी भी चलेगी।

उधर, देश के कुछ राज्यों में गर्मी का असर भी बरकरार है। राजस्थान, ओडिशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना में तापमान 40 से 43 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया जा रहा है।

महाराष्ट्र के सोलापुर में शनिवार को सबसे ज्यादा 43.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### हीटवेव घटी, मानसून के मजबूत संकेत

मौसम विभाग के मुताबिक, अच्छे मानसून के संकेत धीरे-धीरे मजबूत हो रहे हैं। प्रशांत और हिंद महासागर में अच्छी बारिश के लिए जरूरी बदलाव दिखने लगे हैं। दुनिया की तमाम मौसम एजेंसियां पूर्वानुमान लगा रही थीं कि मानसून के पहले महीने में अल-नीनो खत्म हो जाएगा और कुछ हफ्तों की न्यूट्रल कंडीशन के बाद ला-नीना के हालात बनने लगेंगे। अमेरिकी एजेंसी और ऑस्ट्रेलियाई मौसम ब्यूरो ने पुष्टि की है कि दुनिया के सबसे बड़े समुद्र प्रशांत महासागर के कुछ हिस्सों में तापमान तेजी से घट रहा है। दूसरी तरफ आईएमडी ने पुष्टि की है कि इंडियन ओशीन डायपोल कंडीशन पॉजिटिव हो रही हैं।

## कार की टक्कर से बाइक सवार 4 लोगों की मौत



झाबुआ। झाबुआ में स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक घायल ने दाहोद (गुजरात) के अस्पताल में रविवार सुबह दम तोड़ा। हादसा राणापुर में कुंदनपुर पुलिस चौकी के पास कालिया कोटड़ी में शनिवार देर रात हुआ। मृतकों के परिजन का आरोप है कि कुशलपुरा सरपंच के पति राकेश डामोर ने जानबूझकर बाइक को टक्कर मारी है। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले गांव में दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। राकेश डामोर का परिवार भाजपा से जुड़ा है। कांग्रेस कार्यकर्ता राकेश डामोर के खिलाफ गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए। गांव बुचा डूंगरी में तनाव देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। राणापुर थाना प्रभारी शंकर सिंह रघुवंशी ने बताया, कालू मेडा (30), वसना डामोर (65) और उसके बेटे अरविन्द (25) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायल कमल मेडा (37) को दाहोद के अस्पताल ले जाया गया। उसने रविवार सुबह अपना दम तोड़ दिया। शव का पोस्टमॉर्टम राणापुर शासकीय अस्पताल में कराया गया है। मामले की जांच की रही है।

# भोपाल-जयपुर समेत 12 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

## ईमेल में एयरपोर्ट बिल्डिंग में बम प्लांट करने की कही बात

भोपाल। भोपाल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी है। रविवार 12 मई को भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट के साथ ही दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, लखनऊ, पटना, अगरतला, गुवाहाटी, जम्मू, औरंगाबाद, बागडोगरा और कालीकट एयरपोर्ट्स को भी बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए मिली है।

रविवार दोपहर करीब 3 पर भेजे गए ईमेल में एयरपोर्ट बिल्डिंग में बम प्लांट किए जाने की बात कही गई है। मैसेज भेजने वाले ने ग्रुप का नाम कोर्ट बताया है। भोपाल एयरपोर्ट प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दे दी है।

### देश के 12 एयरपोर्ट पर ब्लास्ट की धमकी

सीआईएसएफ के ऑफिशियल ई-मेल पर मेल कर भोपाल समेत देश के 12 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। मेल में लिखा- एयरपोर्ट की बिल्डिंग में एक्सप्लोजिव डिवाइस लगा दी है। कुछ घंटों में ब्लास्ट होगा। इस मेल को आप धमकी मत समझिएगा। बम को निष्क्रिय कर दीजिए, नहीं तो कई निर्दोष लोगों की जान जाएगी।

### धमकी के बाद सुरक्षाकर्मियों ने की सर्चिंग

धमकी मिलने के बाद भोपाल एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ, पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉयड ने चप्पे-चप्पे की तलाशी ली।




जांच में फिलहाल कुछ नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि मेल दोपहर 3.03 बजे आया है।

### धारा 507 और वायुयान अधिनियम के तहत केस दर्ज

एयरपोर्ट अधिकारी की शिकायत पर भोपाल की गांधीनगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 507 और वायुयान अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

**तनाव** — स्थानीय पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी की यह घटना है जिसका वीडियो वायरल हो रहा है

# संदेशखाली : महिलाओं ने टीएमसी वर्कर को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा-फाड़े

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में रविवार फिर तनाव पैदा हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता पर हमला कर दिया। आरोप है कि टीएमसी विधायक सुकुमार महतो के सहयोगी तातन गायेन पर अटैक हुआ है। बताया जा रहा है कि स्थानीय पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी की यह घटना है जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने घटना का वीडियो फुटेज जारी किया है जिसमें कुछ महिलाएं एक शख्स को दौड़ा-दौड़ाकर पीटती नजर आ रही हैं। जानकारी मिलने पर पुलिस जल्द ही



मौके पर पहुंच गई और दंगा नियंत्रण बल को भी बुला लिया गया।

दरअसल, भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्तर 24 परगना जिले में आज संदेशखाली पुलिस थाने के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने डकैती के झूठे मामले में गिरफ्तार पार्टी कार्यकर्ता की रिहाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा के स्थानीय नेताओं की छवि खराब करने के लिए वीडियो जारी किए जाने का भी विरोध किया। पुलिस थाने के सामने प्रदर्शन में मौजूद भाजपा की बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवार रेखा पात्रा ने टीएमसी के कथित गुंडों की गिरफ्तारी की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पार्टी के स्थानीय नेताओं की छवि खराब करने के लिए कई वीडियो शेयर किए जा रहे हैं। इसे लेकर पुलिस सक्रियता नहीं दिखा रही है। पिछले कुछ दिनों में संदेशखाली में महिलाओं के कई कथित वीडियो सामने आए हैं, जिन्हें टीएमसी की ओर से साझा किया गया है।

### विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए पैसे देने का आरोप

शनिवार रात संदेशखाली से सामने आए वीडियो में एक स्थानीय भाजपा नेता ने बड़ा बयान दिया। उन्हें यह कहते हुए सुना गया कि 70 से अधिक महिलाओं को स्थानीय टीएमसी क्षत्रप शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए रुपये मिले थे। शाहजहां पर यौन शोषण और भूमि का हड़पने का आरोप है। संदेशखाली क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपों को लेकर फरवरी में विरोध प्रदर्शन हुए थे। यह क्षेत्र कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर सुंदरबन की सीमा पर नदी के किनारे स्थित है।

**केजरीवाल की गारंटी**




नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल। सीएम केजरीवाल ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए वादों की एक सूची केजरीवाल की गारंटी की घोषणा की।

# 10 राज्यों की 96 सीटों पर वोटिंग आज

## 476 यानी 28 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति



नई दिल्ली। 2024 लोकसभा चुनाव के चौथे फेज में सोमवार (13 मई) को 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर वोटिंग होगी।

2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 42, वाईएसआर कांग्रेस ने 22, बीआरएस ने 9 और कांग्रेस ने 6 सीटें जीती थीं। अन्य को 17 सीटें मिली थीं।

इस फेज में देश के दो सबसे अमीर प्रत्याशी मैदान में हैं। आंध्र प्रदेश के गुंटूर से ञ्ष्ठक्क प्रत्याशी के पास 5,705 करोड़ रुपए और तेलंगाना की चेवेल्ला सीट से भाजपा प्रत्याशी के पास 4,568 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

चुनाव आयोग के मुताबिक इलेक्शन के चौथे फेज में कुल 1,717 कैंडिडेट्स मैदान में हैं, जिनमें 1,540 पुरुष और 170 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 10 प्रतिशत हैं।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म के मुताबिक, इस फेज के 1,710 उम्मीदवारों में से 21त्न यानी 360 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 476 यानी 28 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 24 ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है।

543 लोकसभा सीटों में तीसरे फेज तक 284 सीटों पर मतदान हो गया है। 13 मई तक कुल 380 सीटों पर मतदान पूरा हो जाएगा। बाकी 3 चरणों में 163 सीटों पर मतदान होगा।

## सुरक्षा बलों ने बड़ी मात्रा में हथियार, गोला बारूद किया बरामद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को शक्तिशाल विस्फोटक उपकरण (आईईडी) सहित हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेना, पुलिस और विशेष अभियान समूह की संयुक्त टीम ने माहौर के कोट बुधन वन क्षेत्र में तलाशी शुरू की। सूत्रों ने बताया कि तलाशी के दौरान इलेक्ट्रिक डेटोनेटर के अलावा नौ आईईडी, तीन पिस्तौल, तीन मैगजीन, पिस्तौल की 20 गोलियां, एक किलो पाउडर प्रकार के विस्फोटक, एके-47 की 15 गोलियां, एके -47 के छह खोखे , आठ 9 वोल्ट डीसी बैटरी, तीन लिथियम -आयन 12 वोल्ट की बैटरियां, तीन बिजली के तार बंडल, दस बैटरियां, छह बड़े चुंबक, सात विस्फोटक सुरक्षा फ्यूज़, एक कंबल, ड्रेसिंग डैंडेज़, सीरिंज, रस्सियां और सिगरेट के पैकेट बरामद किये गये। उन्होंने कहा, इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।




# खानपान और गलत जीवन-शैली संबंधी बीमारियां

आज की जीवनशैली बदल रही है, और इसका असर हमारे स्वास्थ्य पर हो रहा है। जीवन में स्थिरता और स्वस्थ खान-पान की अभाव में, हम अनेक रोगों का शिकार बन रहे हैं।

## खानपान की बीमारियां

मधुमेह : अनियमित खान-पान और अत्यधिक शर्करा की मात्रा लेने से मधुमेह का खतरा बढ़ता है। जंक फ़ूड, प्रोसेस्ड फ़ूड, मिठाई आदि मधुमेह के लिए अत्यंत हानिकारक हो सकते हैं।

उच्च रक्तचाप: अधिक नमक और अत्यधिक चर्बी वाले भोजन का सेवन करने से रक्तचाप बढ़ सकता है, जिससे हृदय संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं।

हार्ट डिजीज : तेज फूड, अत्यधिक तेल और तेजी से बढ़ी हुई चर्बी का सेवन करने से हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

पाचन संबंधी समस्याएँ : अनियमित खान-पान, तला-भुना और जंक फ़ूड का सेवन करने से पाचन संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं।

ओबेसिटी : अत्यधिक भोजन, जंक फ़ूड, और अव्ययाम के कारण ओबेसिटी हो सकती है, जो कई अन्य रोगों का कारण बन सकती है।

## गलत जीवनशैली की बीमारियां

धूम्रपान: तंबाकू का सेवन कई तरह की कैंसर और फेफड़ों संबंधी बीमारियों का कारण बनता है।

अत्यधिक शराब : अधिक मात्रा में शराब का सेवन करने से किडनी, लिवर और हृदय संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं।

तनाव : अधिक तनाव लेने से मानसिक समस्याएँ जैसे अवसाद और अधिकतम तनाव से उत्पन्न होने वाले रोग जैसे मानसिक तनाव संबंधी बीमारियाँ हो सकती हैं।

अनियमित नींद : नियमित नींद की कमी से शरीर के अनेक प्रकार की समस्याएँ हो सकती हैं, जैसे मानसिक तनाव, ओबेसिटी, मधुमेह आदि।

अव्ययाम : अव्ययाम करने से समय-समय पर शारीरिक रूप से शक्ति नहीं मिलती, जिससे अनेक समस्याएँ हो सकती हैं।

स्वस्थ खान-पान : स्वस्थ और पौष्टिक भोजन का सेवन करें, जैसे कि फल, सब्जियाँ, अनाज, दालें, दूध, आदि।

नियमित व्यायाम : नियमित रूप से व्यायाम करें, जैसे कि योग, ध्यान, चलना, दौड़ना, आदि।

संतुलित जीवनशैली : तंबाकू और अत्यधिक शराब का सेवन न करें, और नियमित नींद लें।

तनाव प्रबंधन : तनाव को कम करने के लिए ध्यान और प्राणायाम का अभ्यास करें, और सकारात्मक दिमागी स्थिति बनाए रखें।

नियमित चेकअप : नियमित रूप से डॉक्टर की सलाह लें और अपने स्वास्थ्य की निगरानी करें। खान-पान और गलत जीवनशैली संबंधी बीमारियों को नियंत्रित करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली का पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक जीवनशैली का पालन करने से हम अनेक बीमारियों से बच सकते हैं और एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।



# देश में भ्रष्टाचार का खंड बन गया है झारखंड

**योगेंद्र योगी**

भ्रष्टाचार के मामले सामने आने पर क्षेत्रीय दलों का प्रयास यही रहता रहा है कि इसे केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश करार दिया जाए। कांग्रेस ने इन दलों के भ्रष्टाचार के मामलों में संरक्षक की भूमिका निभाई है।

गैरभाजपा राजनीतिक दलों के लिए देश में व्याप्त भ्रष्टाचार कोई चुनावी मुद्दा नहीं रह गया है। यही वजह है कि खासतौर से क्षेत्रीय दलों की सरकारों में बेशर्मी से लूटने की होड़ मची हुई है। झारखंड में एक मंत्री के निजी सहायक के नौकर के घर से मिले करीब 35 करोड़ रुपए मिलने पर किसी भी दल ने कठोर कार्रवाई की मांग तो दूर बल्कि इस भारी-भरकम भ्रष्टाचार के लिए अफसोस तक जाहिर नहीं किया। यह पहला मौका नहीं है जब इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की असलियत उजागर हुई हो। इससे पहले भी असीम सुर्खियों में रहे भ्रष्टाचार के मामलों में भी क्षेत्रीय दलों की सत्तारुढ़ सरकारो के काले कारनामे सामने आ चुके हैं।



भ्रष्टाचार के मामले सामने आने पर क्षेत्रीय दलों का प्रयास यही रहता रहा है कि इसे केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश करार दिया जाए। कांग्रेस ने इन दलों के भ्रष्टाचार के मामलों में संरक्षक की भूमिका निभाई है। कारण स्पष्ट है यदि कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के भ्रष्टाचार के मामले उठाती है तो उसे अपनी गिरेबां में भी झाकना होगा। इससे ये दल एक-दूसरे के भ्रष्टाचार के मामलों में छिछालेदार करने लगेंगे। ऐसी हास्यादपद स्थिति से बचने के लिए ये दल एक-दूसरे के भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं करते हैं। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के मामलों में मौन साधे रखा है। यहां तक की कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार का जिक्र तक करना जरूरी नहीं समझा। कांग्रेस को अंदाजा था कि इसका जिक्र करते ही भाजपा गठबंधन खिल्ली उड़ाने से चूकेगा नहीं। यही वजह रही कि कांग्रेस घोषणा पत्र में देश में व्याप्त भ्रष्टाचार के खात्मे को लेकर कोई वादा नहीं किया। आश्चर्य यह है कि झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहयोगी जहांगीर के यहां छापा मार कर प्रवर्तन निदेशालय ने 35 करोड़ रुपए बरामद किए। इस पर भी मंत्री आलम ने त्याग पत्र देना जरूरी नहीं समझा। झारखंड में सत्ता में शामिल कांग्रेस ने आलम के इस्तीफ की मांग तक नहीं की। अलबत्ता कांग्रेस ने इससे अपना दामन बचाने की कोशिश जरूर की। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आयोजित राहुल गांधी की सभा में मंच पर कांग्रेस कोटे से ग्रामीण विकास मंत्री बने आलमगीर आलम को जगह नहीं मिली। कांग्रेस ने आलमगीर को महज यह संदेश देकर औपचारिकता निभाई की पहले जांच से बरी होकर आओ।

इससे पहले झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भी भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। सोरेन को जमानत नहीं मिल सकी है। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन 6 अक्टूबर 2023 को नई हेमंत सोरेन को कथित भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया था। जैसा कि अक्सर होता है हर भ्रष्टाचारी ऐसे मामलों को फसाने की साजिश करार देता है, इसी तर्ज पर सोरेन ने भी आरोप से इनकार किया। कांग्रेस ने सोरेन की गिरफ्तारी की निंदा की और इसे संघवाद के लिए झटका बताया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा था कि भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा लोकतंत्र को नष्ट करने का अभियान चला रही है। कांग्रेस यह भूल गई कि पिछले साल दिसंबर में भी झारखंड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू के ठिकानों से इनकम टैक्स ने 350 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश बरामद किया था। इस पर साहू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि छापेमारी में जो कैश बरामद किया गया है, वो मेरी शराब की कंपनियों का है। शराब का कारोबार नकदी में ही होता है और इसका कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है। झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के ठिकानों से 290 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश मिला था। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने साहू से जुड़े ओडिशा और झारखंड के उनके ठिकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान विभाग को अलमारी में करोड़ों रुपये भरे हुए मिले। धीरज साहू के पास कितना कैश बरामद हुआ है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लगातार तीन दिन छापेमारी कर नोट गिनने पड़े। आलम ये रहा है कि नोट गिनने के लिए लाई गईं मशीनों की क्षमता कम पड़ गई। नोट गिनने के लिए तीन दर्जन मशीनों को मंगाया गया था, जो कम पड़ गईं। पीएम मोदी ने ओडिशा की रैली में किया नकद बरामदगी का जिक्र चुनाव प्रचार के लिए ओडिशा पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नकद बरामदगी का जिक्र भी किया। उन्होंने केंद्र द्वारा जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग पर विपक्ष के आरोप का जवाब देते हुए पूछा कि पड़ोसी राज्य झारखंड में नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं।

मोदी ने कहा कि अब आप ही बताइए, अगर मैं उनकी चोरी, उनकी कमाई, उनकी लूट बंद कर दूं, तो क्या वे मोदी को गाली देंगे या नहीं? गालियों के बावजूद, क्या मुझे आपका पैसा नहीं बचाना चाहिए। झारखंड और भ्रष्टाचार का चोली दामन का साथ है। संयुक्त बिहार में ही झारखंड मे हुए चारा घोटाले से शुरू हुई थी और बड़े भ्रष्टाचार की कहानी आज भी बदस्तूर जारी है। चारा घोटाले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का नाम सामने आया था। इस घोटाले में पशुओं के चारे की चोरी की गई। 950 करोड़ के इस घोटाले मे 53 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि कुल 170 आरोपी बने गए थे। इस मामले का खुलासा 1996 में हुआ था। इसके बाद मधु कोड़ा के मुख्यमंत्री काल मे शेल कंपनियों के जरिए काली कमाई को सफेद करने का मामला सामने आया। करीब 4 हजार करोड़ का ये घोटाले अपने आप मे देशभर के बड़े घोटालों में से एक था। आज भी मामला अदालत में है। मधु कोड़ा को मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद जेल भी जाना पड़ा था। अलग झारखंड राज्य की मांग को अटल बिहारी वाजपेयी की तत्कालीन सरकार ने वर्ष 2000 में पूरा तो कर दिया था। लेकिन जिस मकसद से अलग राज्य की मांग हो रही थी, वह मकसद पीछे छूट गया। झारखंड में लूट का सिलसिला शुरू हो गया। बिहार से अलग झारखंड बनाने की मांग इसलिए हो रही थी कि इसका समुचित विकास अपने ही संसाधनों से सुचारू ढंग से हो पाएगा। इसकी झलक भी पहले बजट में दिखी थी। राज्य सरकार का शुरुआती बजट सरप्लस था। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद जिस विकास और खुशहाली का सपना लोगों ने देखा था, वह तो पूरा नहीं हुआ, उल्टे यहां लूट की संस्कृति दिन प्रतिदिन मजबूत होती गई। हाल के तीन साल में जिस तरह नौकरशाहों और नेताओं के घर से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम नोटों का जखीरा बरामद करती आ रही है, उससे तो झारखंड का अघोषित नाम लूटखंड हो गया है।

गौरतलब है कि दिल्ली शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। ईडी तीन दक्षिणी राज्यों तेलंगाना, केरल और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की भी जांच कर रही है। सभी नेताओं ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया है। क्षेत्रीय दल चाहे झारखंड का हो, दिल्ली, तमिलनाडू या फिर पश्चिमी बंगाल के, सब आकंठ तक भ्रष्टाचार के मामलों में डूबे हुए हैं। इन राज्यों के विपक्षी दलों के करीब एक दर्जन नेता जेलों में बंद हैं। इनमें से ज्यादातर की जमानत तक नहीं हो सकी है। इसी से विपक्षी दलों का यह आरोप कमजोर पड़ जाता है कि केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा जांच एजेंसियों को दुरुपयोग राजनीतिक रंजिश के कारण कर रही है। अभी तक किसी भी न्यायालय ने नेताओं के भ्रष्टाचार के भी मामले में यह निर्णय नहीं दिया कि केंद्रीय एजेंसियों ने दुर्भावनावश कार्रवाई की है। कांग्रेस इस मुद्दे पर मुंह इसलिए नहीं खोल सकती है, क्योंकि कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान भी भ्रष्टाचार के आरोपों से रंगा हुआ है।

# टाईम पास

## रोजगारों की कब्रगाह बनतीं कंपनियां

नौकरी चाहने वालों के सपनों में जो कंपनियां बसती हैं, उनमें नौकरी करने वालों के सबसे बुरे सपने हकीकत बन गए हैं। गूगल ने एकमुश्त 1,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। कहते हैं कि यह तो बड़ी छंटनी की शुरुआत भर है। टेस्ला वाले एलन मस्क करीब 6,000 कर्मचारियों को निकाल कर भारत आते हुए चीन पहुंच गए। बीते साल उन्होंने ट्वीटर (अब एक्स) के 4,000 लोग निकाले थे। मेटा वाले जुकरबर्ग ने बीते साल 11,000 लोगों को बेरोजगार किया।


तकनीकी कारोबारों में रोजगारों का कत्लेआम मचा है। तकनीक की दुनिया के छोटे-बड़े सितारे कर्मचारियों को ऐसे निकाल रहे हैं, मानो प्रलय आ गई हो। इस साल ही दिग्गज तकनीकी कंपनियों में करीब 75,000 लोगों की नौकरी चली गई है। भारत में भी स्टार्ट-अप कंपनियां रोजगारों की कब्रगाह बन गई हैं। बायजूस, चार्जबी, ओला, मीशो, कार 24, लीड, अनएकेडमी, ब्रेनली... रोजगारों को सूली पर चढ़ाने वालों की सूची बढ़ती जा रही है।

पूरी दुनिया के लोग मास ले-ऑफ की विपत्ति से वाकिफ हो चुके हैं। सामूहिक छंटनी को यह अभागा नाम अमेरिका में मिला था, जहां करीब 40 साल पहले तक इतने बड़े पैमाने पर एक साथ रोजगार खत्म नहीं किए जाते थे। तो रोजगारों का यह संहार आया कैसे? आइए, टाइम मशीन का कंडक्टर बुला रहा है, इंजन चालू है, सीट पकड़िए, उड़ चलते हैं अतीत में।

हम 1940 के दशक में पहुंच गए हैं। 1930 की महामंदी के बाद बेरोजगारी अमेरिका का सबसे बड़ा राजनीतिक खौफ बन चुकी थी। दूसरे विश्वयुद्ध के साथ अमेरिका में युद्ध संबंधी उत्पादन 40 फीसदी बढ़ गया। नई तकनीकें, नए रोजगार आए हैं, तो मंदी का दारिद्र्य दूर हो रहा है। इस कामयाबी से अमेरिकी नीति-निर्माताओं को महसूस हुआ कि सरकारी दखल से अर्थव्यवस्था की कायापलट हो सकती है। अमेरिकी अखबारों की सुर्खियां आपकी सीट के सामने की स्क्रीन पर तैर रही हैं। यह खबर फुल इंप्लायमेंट विधेयक के मसौदे की है और वक्त है 1945 का। पूर्ण रोजगार की सरकारी गारंटी देने के लिए कानून बनाने की तैयारी दुनिया ने इससे पहले कभी नहीं सुनी थी। इस विधेयक की प्रस्तावना में लिखा है कि अमेरिका के वे सभी लोग, जो स्कूलिंग पूरी कर चुके हैं और कोई घरेलू काम नहीं कर रहे हैं, अमेरिका की फेडरल सरकार इस कानून के तहत उन्हें अच्छे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी। याद दिला दें कि स्टीफन केम्प बेली ने इस कानून पर एक किताब लिखी थी-कांग्रेस मेक्स ए लॉ: द स्टोरी बिहाइंड द इंप्लायमेंट ऐक्ट ऑफ 1946। यह किताब राजनीतिक क्लासिक की गिनती में आती है।


वैसे मसौदे से कानून तक आते-आते कई बदलाव हुए। रोजगार का वादा उतना दो टूक नहीं रहा, जितना मसौदे में था। कानून यह कहता था कि राज्यों और उद्योगों की मदद से अधिकतम रोजगार दिए जाएंगे और जनता की क्रयशक्ति (पर्चेजिंग पावर) बढ़ाई जाएगी। 20वीं सदी के आठ दशकों तक दुनिया के बाजारों को सामूहिक छंटनी यानी मास ले-ऑफ नाम की बला के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। अब टाइम मशीन 1980 में आ गई है। व्हाइट हाउस में रोनाल्ड रीगन विराज रहे हैं। उनकी नई आर्थिक नीति और निजीकरण की मदद से अमेरिका का कॉरपोरेट क्षेत्र तेजी से उभर रहा है। एयरलाइन बाजार में एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स महत्वपूर्ण बन गए हैं। यही तकनीकी लोग आकाश से जमीन तक विमानों की आवाजाही संभालते हैं। फरवरी, 1981 में अमेरिका के एविएशन रेगुलेटर फेडरल एविएशन और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स के बीच नए वेतनमान और सुविधाओं को लेकर बातचीत शुरू हुई। कर्मचारियों और फेडरल सरकार के बीच विवाद की खबरें बढ़ रही हैं।

## काकुरो पहेली - 3180




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता।

उदाहरण:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3179 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक पागलखाने में एक दर्शक का गाइड ने बताया-'यह जो पागल आपके सामने खड़ा है, इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसे उस लड़की ने ठुकरा दिया, जिसे वह प्यार करता था.'

'और वह!' दर्शक ने एक अन्य पागल की तरफ इशारा करते हुए पूछा.

'ओह!' गाइड बोला-'इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसने उसी लड़की से विवाह कर लिया.'

□ □ □

पहला-'पत्नी हर जन्म में वही पति क्यों पाना चाहती है?'

दूसरा-ताकि उस पति को सुधारने का परिश्रम बेकार न चला जाए.

□ □ □

'दुर्लभ पुस्तक किसे कहते हैं?'

'जिसे पढ़कर सगे संबंधी, मित्र और पड़ोसी सुरक्षित लौटा दें.'

□ □ □

बाजार से आते ही मालकिन नौकरानी पर बिगड़ गई-"कल से तू काम पर मत आना!"

"जी! क्या बात हो गई?"


"जब मैं बाजार गई थी तो तेरे हाथ में चार चूड़ियां थीं, अब दो ही रह गई हैं."

"जी. वह काम करने में टूट गई!"

"वह तो ठीक है. मगर पलंग पर तू क्या काम करने गई थी?"

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3180



**बायें से दायें:-**

१. जॉय मुखर्जी, नंदा की 'मुझे इश्क है तुम्हीं से' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मेरे टूटे हुए दिल से कोई तो' गीत वाली राजकपूर, नूतन की फिल्म-३
६. आमिर, फैजल, ट्विंकल की 'तुझे रब ने बनाया है' गीत वाली फिल्म-२
७. अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
८. 'तसवीर बनाता हूँ' गीतवाली फिल्म-४
९. 'जब लिया हाथ' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
११. राजकुमार, प्रिया की 'ये पर्वतों के दायरे ये शाम' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'दिल में जिगर में' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
१३. विकास भल्ला, सुमीत, की 'कोई दिल ना किसी' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
१५. विश्वजीत, माला सिन्हा की फिल्म-३
१७. राजकुमार, मीना की 'चलते चलते यूंही कोई मिल' गीत वाली फिल्म-३
१९. जैकी श्रॉफ, रति की फिल्म-२
२१. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'ये प्यार यार क्या' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'ना सतरा से ऊपर ना' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
२३. 'दुपट्टे का पल्लू' गीतवाली फिल्म-४
२६. फिल्म 'दोस्ताना' में अमिताभ की नायिका?-३
२७. अभिषेक, अंतरा माली की 'इश्क दा तड़का' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'मेरे दिल में रहो या जिगर' गीत वाली अष्मित, मीरा की फिल्म-३
२९. गुरूदत्त, वहीदा रहमान की 'जाने क्या तूने कही' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'देर है अंधेर नही' गीत वाली शत्रुघ्न, राजकपूर, योगिता की फिल्म-२,२
३१. फिल्म 'सलाखें' में नायक?-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मन क्यों बहका रे' गीत वाली शशि शेखर सुमन, रेखा, नीना की फिल्म-३
२. मिथुन, जुगल, सोनाली की 'तेरी चाहत में दिल' गीत वाली फिल्म-१,२
४. 'सीली हवा छू गई सीला' गीत वाली नसीर, शबाना आजमी की फिल्म-३
५. अमिताभ, अमजद खान, नीतू की 'छूकर मेरे मन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'बोल बेबी बोल रॉक' गीत वाली अनिल कपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१०. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'राजा ना जा ना जा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१४. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'मैं लैला का मजनूं' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'कोरा कागज था मन' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१६. संजय कपूर, माधूरी की 'फूल मांगू ना बहार माँगूं' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'दिले बेताब को सीने से' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वहीदा की फिल्म-३
१८. अमिताभ, अक्षय, जॉन, रिमी की 'फलक देखूं' गीत वाली फिल्म-३,३
२०. फिल्म 'देवी' में नायिका कौन थी-३
२४. 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२५. नसीर, अष्मित, उर्मिला की फिल्म-४
२६. 'शहर शहर डगर डगर' गीत वाली जैकी, संजय, सोनम की फिल्म-२,१

### फिल्म वर्ग पहेली- 3179



## सूडोकु -3180


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3179 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## शब्द पहेली - 3180



**बाएँ से दाएँ**

1.मन मोहने वाला-5
5.प्रस्थान करना,रवानगी-5
9.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10.तेल में पकाना-3
11.प्रेम,प्यार-2
13.थोड़ा,जरा-2
14.मैं का बहुवचन-2
15.उम्मीद करना-5
18.धन,संपदा-2
19.पक्षियों की चहचहाट-4
20.अभिप्राय-4
21.सद्,अच्छा-2
22.दम,ताकत-2
23.प्रकाशवान-4
26.ठसाठस-4
29.माईल,दूरी नामपे की इकाई-2
30.क्रोधित होना-2,3
33.विदेशी शराब-2
34.झुका हुआ-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.आखेट मंच-3
38.खुजली-3
41.मनमोहकता-5
42.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.आकर्षक.चिताकर्षक-5
2.वैक्स,मधुज-2
3.अधिकार-2
4.फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5.जागरण-4
6.दीवार (अंग्रेजी-2)
7.मां के पिता-2
8.असफल-5
12.गर्भ,कोख-3
13.करामात-3
15.खातिरदारी -5
16.उद्देश्य-2
17.नामकरण-2,3
23.भूस्वामी-2,3
24.सही का विलोम-3
25.मृत्यु-2
27.इमामदस्ता-3
28.कांतिमान, चमकीला-5
31.उदारता,बड़प्पन-4
32.मालगोदाम-4
36.रत्न,नग-2
37.टी,चहा-2
39.याचिका,वाद (अंग्रजी-2)
40.वहम,संदेह-2

### शब्द पहेली -3179 का हल



# 2027 तक 26 लाख वर्गमीटर होगा लैंड बैंक

## 7 लाख वर्गमीटर जमीन को कराया खाली, मास्टर प्लान 2031 के अनुसार है नियोजित

नोएडा। नोएडा अवैध निर्माण हटाकर लैंड बैंक बढ़ा रहा है। वित्तीय बजट से पहले 650 एकड़ जमीन करीब 26 लाख वर्गमीटर जमीन का लैंड बैंक तैयार करना है। ये प्लान 2027 तक का है।

नोएडा प्राधिकरण ने पिछले साढ़े चार सालों में यमुना और हिंडन नदियों के किनारे विभिन्न सेक्टरों और बाढ़ के मैदान में 1850 करोड़ रुपए की अनुमानित कीमत वाली 4.96 लाख वर्गमीटर से अधिक भूमि से अतिक्रमण हटा दिया है। इससे अलग एक महीने तक चली ड्राइव में करीब 1.80 लाख वर्गमीटर जमीन खाली कराई जा चुकी है।

प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि ड्राइव लगातार जारी रहेगी। साथ ही जिन स्थानों पर इमारतों पर अवैध निर्माण लिखा है उनको भी ध्वस्त किया जाएगा। ये सभी जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित है।



दरअसल सीएजी की रिपोर्ट में प्राधिकरण की अर्जित करीब 45 लाख वर्गमीटर जमीन पर अवैध निर्माण है। इसी जमीन को चिह्नित कर कब्जा मुक्त कराया जा रहा है।

नोएडा प्राधिकरण के डेटा से पता चलता है कि 2020 में सबसे अधिक संख्या 30 ड्राइव आयोजित की गईं। इसके बाद 2021 में 20 और 2022 और 2023 में चार-चार ड्राइव की गईं। इस अवधि के दौरान, 70 एकड़ से अधिक भूमि, जिसकी कीमत 1230 रुपए से अधिक है। करोड़ को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

चालू वर्ष में, प्राधिकरण ने 20 से अधिक अभियान चलाए हैं, जिसमें 615 करोड़ रुपए से अधिक बाजार मूल्य वाली 1.80 लाख वर्गमीटर से अधिक भूमि मुक्त कराई गई है।

अतिक्रमण से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में जाहिदाबाद, सलारपुर, असदुल्लापुर, मोहियापुर, गढ़ी समस्तीपुर, गुलावली, गढ़ी चौखंडी, नगला चरणदास, कोंडली बांगर, मामूरा, निठारी के साथ-साथ यमुना और हिंडन नदियों के किनारे मोमनाथल और नगला नंगली जैसे गांव शामिल हैं।

प्राधिकरण द्वारा किए गए सबसे महत्वपूर्ण अभियान में से एक सितंबर 2020 में था, जब कोंडली बांगर और मोमनाथल में संरचना को ध्वस्त कर दिया गया था, जिससे 234 करोड़ रुपए की 10 एकड़ भूमि मुक्त हो गई थी।

### नए विकसित किए जा रहे सेक्टरों में अवैध निर्माण को ध्वस्त कर रहा प्राधिकरण

नोएडा औद्योगिक नगरी है। नए विकसित किए जा रहे सेक्टर में 150, 152, 162, 164 और 165 जैसे क्षेत्र है। यहां किसानों से सहमति के आधार पर जमीन ली जा रही है। इसके लिए विगत वित्तीय वर्ष में प्राधिकरण ने 500 करोड़ का बजट रिजर्व किया था।

नए वित्तीय वर्ष के लिए अब तक बैठक नहीं हो सकी है। जून के दूसरे सप्ताह में बैठक हो सकती है। इसके अलावा यहां बुनियादी सुविधाओं जिसमें पार्क, सड़क , नाली आदि के जिस जमीन पर अवैध निर्माण से उसे ध्वस्त किया जा रहा है।

### इमारतों पर लिखा जा रहा ये निर्माण अवैध है

नोएडा के बरौला, हाजीपुर के अलावा सेक्टर-48 में कई इमारतों को चिह्नित किया गया।

ये इमारत प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर बनी है। इन इमारतों का काम रुकवा कर इन पर ये निर्माण अवैध है लिखा या गया।

हाल ही में हाजिपुर स्थित 4 फ्लोर की एक इमारत को ध्वस्त करने के लिए प्राधिकरण ने उसे अंदर से तोड़ना शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही सभी इमारतों को ध्वस्त किया जाएगा।

# काजल से पूछताछ में दो करोड़ की संपत्ति की दी जानकारी

ग्रेटर नोएडा। स्क्रैप माफिया रवि काना की महिला सहयोगी काजल झा से पूछताछ में दो करोड़ रुपये की संपत्ति का पता चला है। पुलिस ने इस संबंध में दस्तावेज भी हासिल कर लिए हैं। पूछताछ में काजल ने बताया कि गिरोह का राजकुमार सरिया और स्क्रैप की फैक्टरियों में ठेके कब्जाने का काम करता था। पुलिस अब राजकुमार को रिमांड पर लेने की तैयारी में जुट गई है। शुक्रवार को पुलिस को काजल की 24 घंटे की रिमांड हासिल होने के बाद उससे पूछताछ की गई। काजल ने बताया कि रवि से उसकी मुलाकात सात-आठ दिन में एक बार होती थी। काले धंधे से मिलने वाले पैसे को सफेद बनाने के लिए हर सप्ताह उसे ठिकाने लगाना होता था। गिरोह की कमाई का मोटा हिस्सा विदेशों में भी निवेश किया गया है। पूछताछ में काजल ने राजकुमार का भी जिक्र किया। इससे संभावना है कि अब पुलिस राजकुमार को भी रिमांड पर ले सकती है। उसे एक बार पहले रिमांड पर लिया गया था।

# ग्रेटर नोएडा में बिल्डर के खिलाफ हल्ला बोला

## पंचशील ग्रीन्स 2 के लोगों ने एलपीएफ का फूंका पुतला, कहा- तानाशाही बंद करो

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में एक बार फिर सोसाइटी के लोगों ने बिल्डर के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। पंचशील ग्रीन्स 2 सोसाइटी के निवासियों से मेंटेनेंस के ऊपर लेट पेनाल्टी के रूप में अतिरिक्त चार्ज लेने और मेंटेनेंस के दिए जाने वाले पैसे को लेट पेमेंट फीस में एडजस्ट करने को लेकर तीसरे सप्ताह भी रेसिडेंट का विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

सैकड़ों की संख्या में गुस्साए लोगों ने रविवार को मार्केट एरिया में बने पंचशील के मार्केटिंग ऑफिस का घेराव किया और ऑफिस के सामने सड़क पर एलपीएफ का पुतला दहन किया। निवासियों के द्वारा जब विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था तब बिल्डर के बाउंसरों द्वारा पुतले को छीनने की कोशिश भी की गई थी। परंतु लोगों की संख्या को देखते हुए उन्हें बाद में पीछे हटना पड़ा। सभी लोगों ने एक स्वर में तत्काल एलपीएफ रूपी मनमानी को बंद करने तथा मेंटेनेंस की सही सर्विस एवं अधूरे कार्य को पूरा करने की मांग उठाते हुए नारेबाजी की।

### मैनेजमेंट को आगाह किया

उन्होंने कहा कि आज के प्रदर्शन में लोगों ने मैनेजमेंट को आगाह किया है कि अगर इसी तरह से मनमानी चलती रही और एलपीएफ के कारण जो लेजर में अनाप शनाप चार्ज लगाकर लोगों के लाइट काटा जाता रहा तो विरोध स्वरूप मेंटेनेंस चार्ज को बंद करना पड़ेगा।

# ग्रेटर नोएडा में महिला की हत्या का खुलासा

## पानी की टंकी में मिला शव, मामूली झगड़े में सास-पति ने कर दी थी हत्या

गौतम बुद्ध नगर। गौतम बुद्ध नगर यूनिवर्सिटी के कैंपस में स्थित स्टाफ क्वार्टर में एक महिला की हत्या कर शव को पानी की टंकी में डालने के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार महिला की हत्या उसके पति कपिल और उसकी सास सुमित्रा ने मिलकर की थी। शव पानी की टंकी में छुपा कर दोनों फरार हो गए थे।

पुलिस ने इस बात का भी खुलासा किया है कि मृतक पूनम कपिल की दूसरी पत्नी थी।

### पहली पत्नी कौशल के होने की आशंका जताई

एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार ने बताया कि सुमित्रा ने पूनम के पैर पकड़े थे। जबकि कपिल ने उसका गला दबाकर हत्या कर दी थी। मूल रूप से अलीगढ़ निवासी कपिल जिम्स में चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी है। वो पत्नी पूनम और मां सुमित्रा के साथ यूनिवर्सिटी के स्टाफ क्वार्टर एम ब्लॉक एफ-53 में रह रहा था।



एडिशनल डीसीपी ने बताया कि शुरुआती जांच में पुलिस ने शव को कपिल की पहली पत्नी कौशल के होने की आशंका जताई थी।

मामले की छानबीन के लिए जब कासगंज कौशल के परिजनों से संपर्क किया गया तो कौशल के सकुशल होने की जानकारी मिली। तब पुलिस ने जांच की तो पता चला कि शव बलिया निवासी पूनम का है।

घरेलू विवाह के बाद कौशल कपिल को छोड़कर अपने मायके चली गई थी। जबकि कपिल 2015 से बलिया निवासी पूनम के साथ रह रहा था। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि 5 मई को पूनम और सुमित्रा के बीच झगड़ा हुआ था। कपिल भी झगड़े में शामिल हो गया। बात बढ़ने पर कपिल ने पूनम को धक्का देकर नीचे गिरा दिया।

सुमित्रा ने पूनम के पैर पकड़ लिए। कपिल ने उसका गला दबाकर हत्या कर दी थी। पूनम की मौत के बाद उसके स्टाफ क्वार्टर की सीमेंट से बनी पानी की टंकी में डालकर दोनों फरार हो गए थे।

मैनुअल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से घटना में मां बेटे कपिल और सुमित्रा को जिम्स तिराहा से गिरफ्तार किया गया है।

# ग्रेटर नोएडा में पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों की गुंडागर्दी

## पेट्रोल भरवाने आए स्कूटी सवार युवक को पीटा, थप्पड़ मारे

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौर सिटी मॉल के समीप पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों की गुंडागर्दी देखने को मिली। पेट्रोल भरवाने आए स्कूटी सवार युवक को पंप के कर्मचारियों ने थप्पड़ों से जमकर पीटा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। जिसके बाद बिसरख पुलिस ने इस मामले में पेट्रोल पंप के 3 कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की।

### स्कूटी सवार को थप्पड़ जड़ना शुरू कर देते हैं

दरसअल बिसरख थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें पंप कर्मचारी एक स्कूटी सवार से मारपीट कर रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि पहले तो स्कूटी सवार से उन लोगों की किसी बात को लेकर बहस होती है।



कुछ ही देर में यह बहस इतनी बढ़ जाती है कि 3 पंप कर्मी मिलकर स्कूटी सवार को थप्पड़ जड़ना शुरू कर देते हैं। घटना का वीडियो वायरल होते ही पुलिस इस मामले में तत्काल प्रभाव से संज्ञान लेती है।

### तीन पेट्रोल पंप कर्मचारियों को गिरफ्तार किया

बिसरख थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि मारपीट का एक वीडियो वायरल हुआ है। जो कि 3 दिन पुराना है। जिसमें इटेड़ा गोल चक्कर के पास आइओसी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने को लेकर एक व्यक्ति के साथ पेट्रोल पंप कर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार एवं मारपीट की गई थी। इस मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट करने वाले तीन पेट्रोल पंप कर्मचारियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की।

# नौकरीपेशा लोगों के लिए 1000 फ्लैट बनाएगा नोएडा प्राधिकरण

नोएडा। पचास हजार से एक लाख रुपये के बीच वेतन पाने वाले नौकरीपेशा लोगों के लिए प्राधिकरण 40 लाख में दो बीएचके आवास देगा। पहले चरण में ऐसे करीब 1000 फ्लैट बनाने की योजना है। प्रस्ताव तैयार कर जमीन की तलाश शुरू हो गई है। चुनाव आचार संहिता हटने के बाद प्राधिकरण योजना पर फैसला ले सकता है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, शहर में नौकरीपेशा लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्ताव तैयार कराया गया है। इसमें एक लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों को सीधे तौर पर फायदा होगा जो एक करोड़ रुपये से अधिक के फ्लैट नहीं खरीद सकते। इस आवासीय योजना से अवैध निर्माणों पर भी रोक लगेगी।

अधिकारियों का कहना है कि जमीन की लोकेशन और निर्माण की लागत के आकलन के बाद कीमत मामूली रूप से बढ़ भी सकती हैं, हालांकि फ्लैट को 50 लाख रुपये से कम की कीमत में ही बेचने की योजना पर प्राधिकरण आगे बढ़ेगा। प्रस्ताव के मुताबिक, 900 वर्ग फुट में फ्लैट को बनाया जाएगा। इसमें दो बेडरूम, एक हॉल, एक किचन और एक बाथरूम शामिल रहेगा। पूरे डिजाइन को एक छोटे परिवार की जरूरत को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाएगा। इन फ्लैट को प्राधिकरण बहुमंजिला निर्माण कर तैयार कर सकता है।

# गौतम बुद्ध नगर में सूखे स्वीमिंग पूल में प्रदर्शन



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की पंचशील हाईनेस सोसाइटी में निवासियों के द्वारा अनोखा प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सोसाइटी के निवासी इकट्ठा होकर कई वर्षों से बंद पड़े स्वीमिंग पूल में पहुंच गए और वहां बाल्टी से नहाकर अनोखा प्रदर्शन किया और बिल्डर के खिलाफ जमकर हल्ला भी बोला।

रविवार को अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला। पचंशील हाईनिस, के निवासियों ने सालों से बंद पड़े स्विमिंग पूल के लिए एक बडा विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ-साथ सूखे स्विमिंग पूल के अंदर जाकर बाल्टी मग में पानी भर के वहां निवासियों ने नहाना शुरू कर दिया ।इसी तरह से निवासियों ने् नहा कर एक सांकेतिक प्रदर्शन भी किया।

इन लोगों ने बताया कि बिल्डर की तरफ से स्विमिंग पुल, क्लब और अन्य फैसिलिटी का वादा किया गया था। लेकिन अभी तक वह सुचारू रूप से चालू नहीं है। इस वजह से जनता आक्रोश में है, क्योंकि अगल-बगल सारी सोसाइटियों में स्विमिंग पूल चल रहा है। सिर्फ पंचशील में नहीं चल रहा है। इसमें काफी रिपेयरिंग वर्क का काम है, पानी फिल्ट्रेशन का भी काम है, जो की कराया नहीं जा रहा है। इस वजह से स्विमिंग पूल बंद है। इस वजह से बिल्डर का ध्यान इस और आकर्षित करने के लिए निवासियों ने विरोध का नया तरीका अपनाया और सुखे स्विमिंग पूल में बाल्टी से नहा कर प्रदर्शन किया । इस दौरान सैकड़ों की तादात में सोसाइटी के निवासी मौजूद रहे।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट में निराला एस्टेट के लोगों का प्रदर्शन

## बोले- लाखों रुपए खर्च करने पर भी नहीं मिल रही मूलभूत सुविधाएं, पिलर में दरार आने से दहशत

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर निराला स्टेट के निवासियों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सोसाइटी के सैकड़ों लोगों ने सोसाइटी में पैदल मार्च करते हुए जमकर नारेबाजी की।

रविवार को ग्रेनो वेस्ट की निराला एस्टेट सोसाइटी के निवासियों ने गृह आंदोलन किया। क्योंकि लोगों को मूलभूत सुविधाएं नही मिल रही। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने बताया कि बिल्डिंग के बेसमेंट में पिलर में दरार आने से लोगों में डर का माहौल है। निवासियों ने बिल्डर को कई बार सूचित किया परंतु बिल्डर के कान पर जूं तक नही रेंग रहा। पिछले एक हफ्ते में 150 से ज्यादा परिवार बीमार हुए दूषित पानी की वजह से परंतु बिल्डर ने पानी को टेस्ट तक नहीं कराया। ओपन जिम टूटे पड़े हैं, बच्चों को खेलने की जगह मैट फटी हुई है, जिससे आये दिन बच्चे घायल होते हैं।




उन्होंने कहा कि बिल्डर क्लब हाउस में आधे लोगों को एंट्री नहीं दे रहा है। ऐसी बहुत सारी समस्याएं हैं जिसका कोई निदान नहीं किया जा रहा है। विडंबना यह है कि सभी निवासी पैसे पूरे दे रहे है। परंतु सुविधा के नाम पर जीरो मिल रहा है। इन्हीं सभी मांगों को लेकर निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा और उन लोगों ने इक्ट्ठा होकर सेल्स आफिस पर जमकर हंगामा किया। पूरी सोसाइटी में नारेबाजी करते हुए इन लोगों ने पैदल मार्च भी किया।

## कर्मी ने पांच लाख रुपये गबन कर नदी में फेंकी कैसेट

साहिबाबाद। औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 की सीएमएस इन्फो प्राइवेट लिमिटेड के कस्टोडियम कर्मी ने शनिवार रात कैसेट में रखे पांच लाख रुपये गबन कर लिए। आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए कैसेट तोड़कर हिंडन नदी में फेंक दी। रविवार सुबह वह रकम को ठिकाने लगा जा रहा था। टीम ने उसे वैशाली मेट्रो स्टेशन के पास से दबोच लिया। पूछताछ के दौरान टीम ने उससे पांच लाख की नकदी और बैग बरामद किया। डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि सचिन चौहान पुत्र रंजन चौहान निवासी मूलचंद एंक्लेव सिहानी रोड को गिरफ्तार किया है। वह सीएमएस कंपनी में तीन दिन पहले कस्टोडियन के पद लगा था। कंपनी बैंकों के एटीएम में कैश डालने का काम करती है। शनिवार की रात उसने काम करने के बाद अपने दूसरे स्टाफ की कैसेट को चुराकर बैग में रख लिया था। इसके बाद वह रुपये लेकर भाग गया। कंपनी के पदाधिकारियों ने कैश की जांच कराई तो उसमें एक कैसेट कम मिली।

## निलंबित होने पर रेलवे कर्मचारी ने कार्यालय में की तोड़फोड़

दादरी । दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग स्थित कंटेनर यार्ड के कर्मचारी ने निलंबित होने पर कार्यालय में तोड़फोड़ कर दी।

आरपीएफ ने कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि रेलवे विभाग के एक उच्च अधिकारी की जांच में आरोपी के कार्य में अनियमितता मिली थी। आरपीएफ ने बताया कि सहायक मंडल अभियंता टूंडला रविवार सुबह दादरी रेलवे स्टेशन के पास आईसीडी यार्ड कार्यालय पर जांच करने पहुंचे। जांच के दौरान टेक्नीशियन ओमप्रकाश के कार्य में कमी मिली। उनसे कारण पूछा गया तो वह उग्र हो गए। इस पर टेक्नीशियन को निलंबित कर दिया गया।

# शार्ट न्यूज

## स्कूल के बाहर पेरेंट्स का धरना प्रदर्शन

गाजियाबाद। गाजियाबाद के संजयनगर स्थित देहरादून पब्लिक स्कूल के बाहर पेरेंट्स का धरना-प्रदर्शन 12 दिन से जारी है। वे पूरी रात स्कूल के बाहर धरने पर बैठे रहते हैं। शनिवार रात पेरेंट्स ने तिरंगा न्याय मार्च निकाला। दरअसल, देहरादून पब्लिक स्कूल की संजय नगर शाखा ने अपने बच्चों को दूसरी ब्रांच मधुबन बापूधाम में शिफ्ट करने का फैसला लिया है। स्कूल प्रशासन के इस फैसले का पेरेंट्स विरोध कर रहे हैं। वे गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के बैनर तले 2 मई से स्कूल के बाहर टेंट लगाकर धरने पर बैठे हुए हैं। इस धरना-प्रदर्शन में हर रोज बड़ी संख्या में पेरेंट्स और उनके बच्चे शामिल हो रहे हैं। पूरी रात धरनार्थी वहीं बैठे रहते हैं। धरना-प्रदर्शन के दौरान पेरेंट्स हर रोज रात के वक्त अलग-अलग तरीकों से विरोध जताते हैं। 10 मई को प्रदर्शनकारियों ने थाली-चम्मच बजाए। 11 मई की रात पेरेंट्स ने तिरंगा न्याय मार्च निकाला। गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी ने इस संबंध में CBSE बोर्ड चेयरमैन को एक चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने बताया है कि पेरेंट्स ने अपने बच्चों का दाखिला कक्षा छह और सात में DDPS की संजयनगर ब्रांच में कराया था। अब स्कूल प्रबंधन इन बच्चों को अपनी दूसरी ब्रांच मधुबन बापूधाम में भेज रहा है।

## प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

गाजियाबाद। गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर इलाके में शनिवार देर रात प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात का आरोप सगे भांजे पर है। दोनों के बीच काफी वक्त से रंजिश चल रही थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हत्यारोपी की तलाश शुरू कर दी है। ये वारदात लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के प्रेमनगर में हुई। DCP विवेक चंद्र यादव ने बताया कि रात करीब 10 बजे पुलिस को फायरिंग की सूचना मिली। इसमें एक व्यक्ति के पेट में गोली लगी। अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय विक्रम मावी के रूप में हुई है। दरअसल, विक्रम मावी गांव टीला शाहबाजपुर के रहने वाले थे। उनका प्रॉपर्टी डीलिंग और पार्किंग का काम है। उनका दफ्तर प्रेमनगर कॉलोनी में बना हुआ है। रात करीब साढ़े 9 बजे वो अपने दफ्तर के बाहर खड़े थे। तभी एक बाइक पर दो लोग आए और करीब चार राउंड फायरिंग की। पेट में गोली लगने से घायल विक्रम मावी को दिल्ली के GTB हॉस्पिटल में मृत घोषित कर दिया। DCP विवेक चंद यादव ने बताया कि विक्रम भाटी की हत्या का आरोप उसके सगे भांजे पवन मावी पर है। मृतक और आरोपी दोनों पर ही लोनी थाने में पांच-पांच आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं।

## एसी का कंप्रेशर फटा, तीन फ्लैट की बालकनी तक पहुंची आग

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की सुपरटेक ऑक्सफोर्ड स्क्वायर सोसाइटी में रविवार सुबह फ्लैट में लगे एसी का कंप्रेशर फट गया। इससे एसी में आग लग गई। जो प्रथम और द्वितीय फ्लोर के फ्लैट की बालकनी तक जा पहुंची। आग से तीनों फ्लैट की बालकनी का रखा सामान जल गया। आरोप है कि सोसाइटी में आग बुझाने के इंतजाम नहीं हैं। निवासियों ने बताया कि घटना रविवार सुबह करीब 3: 30 बजे की है। भूतल पर बने फ्लैट की बालकनी में एसी रखा हुआ है। सुबह उसका कंप्रेशर फट गया, जिससे बालकनी में रखे अन्य सामान में आग लग गई। आग की लपटें प्रथम और द्वितीय फ्लोर की बालकनी तक पहुंच गई। उन दोनों फ्लैट की बालकनी में सारा सामान भी जल गया। आग लगने की सूचना मेंटेनेंस टीम को दी गई। आरोप है कि सोसाइटी का फायर सिस्टम काम नहीं करता है। इस कारण पड़ोसी इको विलेज-3 सोसाइटी के फायर सिस्टम का उपयोग कर आग पर काबू पाया गया। आरोप है कि सोसाइटी के फायर सिस्टम दुरुस्त नहीं होने के कारण किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। दमकल विभाग भी अनदेखी कर रहा है।

## नकली दवा कारोबारियों का विक्रेता संघ ने किया विरोध

मोदीनगर। औषधि विक्रेता संघ की ओर से दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित सीएमडी सभागार में शनिवार रात एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यअतिथि एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान, विशिष्ट अतिथि औषधि निरीक्षक आशुतोष मिश्रा, अनुरोध कुमार, वैभव बब्बर ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए औषधि संघ के अध्यक्ष अविनाश शर्मा ने कहा कि औषधि व्यापार पारदर्शिता पर टिका है। इस व्यापार को करने वाले कारोबारी लोगों के जीवन से जुड़े हैं। हमें जनता के विश्वास पर खरा उतरना है। इसलिए इसमें मिलावटखोरी बिलकुल बर्दाश्त नहीं होगी। बोले कि यह बेहद निंदनीय है कि औषधि विभाग की कार्रवाई के दौरान नगर में नकली दवाओं का कारोबार मिला। संघ ऐसे कारोबारियों को कड़ी सजा की मांग करता है। बताया कि नकली दवा का कारोबार करने वाले उनके संघ सदस्य नहीं थे। उन्होंने चेताया कि अगर किसी को भी नकली दवाओं का कारोबार करते पकड़ा गया तो संघ उसका बहिष्कार कर उसे सजा दिलाने के लिए विभाग का साथ देगा।

## दो लाख रंगदारी मांगने का आरोप

गाजियाबाद। विजयनगर के भूड़ भारतनगर में सैलून संचालक से दो लाख की रंगदारी मांगने, मारपीट कर सैलून से रुपये लूटकर ले जाने और सैलून संचालक को परिवार सहित पीटने की घटना सामने आई है। मामले में सैलून संचालक पौदी खान ने कोर्ट के आदेश पर एक ही परिवार के सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पौदीखान ने बताया कि उनके सैलून पर सभी समाज के लोग सेविंग, कटिंग आदि काम कराने के लिए आते हैं, लेकिन पड़ोस में रहने वाले नूरमोहम्मद व उनके परिवार के लोग इसपर आपत्ति दर्ज कराते हैं। वह केवल अपने समाज के लोगों की कटिंग, सेविंग करने के लिए कहते हैं। इसी बात से नाराज होकर उन्होंने उनकी दुकान बंद कराने का प्रयास शुरू कर दिया। आरोपियों ने उनसे दो लाख रुपये मांगे, न देने पर दुकान में घुसकर 2500 हजार की नकदी लूट ली। विरोध करने पर आरोपियों ने उनको बुरी तरह पीटा। मामले में उन्होंने पुलिस को शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। कोर्ट ने अब मामले में नूरमोहम्मद समेत उनके परिवार के सात लोगों पर रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू करने के आदेश दिए हैं।

## गाजियाबाद जेल में मदर्स-डे पर बदला नियम

गाजियाबाद। 12 मई को पूरा विश्व मदर्स डे मानता है। यह एक खास दिन होता है जब बच्चे अपनी मां को धन्यवाद देते हैं। ऐसे में जेल में बंद मां को भी अपने बच्चों की याद आती है। इसी को लेकर गाजियाबाद जेल प्रशासन ने मदर्स डे के अवसर पर जेल में ऐसी मां जिनके बच्चे बाहर है उनके मुलाकात का प्रबंध किया। जेल प्रशासन ने अपने नियम में भी ढील दी। जेल में मुलाकात के लिए जाली लगी होती है जिसमें आर पार से मुलाकात होती है लेकिन जेल प्रशासन ने इसमें राहत देते हुए खुले में टेंट लगवा कर मां और बच्चों की मुलाकात करवाई। गाजियाबाद की डासना जेल के सुपरिटेंडेंट आलोक सिंह ने बताया कि 35 ऐसी मां जिनके बच्चे बाहर हैं उनकी मुलाकात मदर्स डे के अवसर पर जेल में करवाई गई। इसके लिए विशेष प्रबंध किए गए थे आने वाले हर बच्चे को गुलाब का फूल दिया गया जिसने अपनी मां को भेंट किया। इतना ही नहीं पानी और नाश्ते का भी इंतजाम किया गया था। मां और बच्चे में किसी तरह की कोई दूरी न रहे इसीलिए मुलाकात जाली की बजे खुले में टेंट लगाकर कराई गई।

## दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस को पीटा

मोदीनगर। गाजियाबाद के मुरादनगर थानाक्षेत्र के गांव बहादपुर स्थित एक ईट भट्टे पर देर रात को दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ने गई टीला मोड थाना पुलिस को भारी विरोध का सामना करना पडा़। लोगों ने आरोपी को छुड़ा लिया और पुलिस कर्मियों के साथ अभद्रता व मारपीट की। स्थानीय पुलिस के पहुंचने पर हंगामा कर रहे लोग भाग खडे हुए। दरोगा की तहरीर पर पांच नामजद सहित 40 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। आरोपियों की तलाश के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। थाना टीला मोड में एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज है। टीला मोड पुलिस को देर रात को आरोपी की लोकेशन मुरादनगर थानाक्षेत्र के गांव बहादरपुर स्थित एक ईट भट्टे पर मिल रही थी। लोकेशन के आधार पर टीला मोड थाने में तैनात दरोगा विजय कुमार अन्य पुलिसकर्मी सोनू बालियान, पुनीत ,योगेन्द्र खुशबू बालियान सहित अन्य पुलिसकर्मियों के साथ ईट भट्टे पर पहुंच गए। पुलिस ने टीम ने दुष्कर्म के मुख्य आरोपी जितेन्द्र नागर उर्फ जब्बार को दबोच लिया।


# संभल में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

## दूसरे समुदाय के हैं आरोपी युवक, पीड़िता तीन माह की गर्भवती

संभल। संभल पुलिस ने नाबालिग से बलात्कार करने के मामले में दो युवकों पर एफआईआर दर्ज कर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करने के बाद आरोपी युवक को जेल भेजा है। वहीं पीड़िता को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी मेरी बेटी को जान से मारने की धमकी देते थे, इसलिए उसने घर पर कुछ नहीं बताया। मेरी बेटी ने अपनी बड़ी बहन को बताया कि वह तीन माह की गर्भवती है। पीड़ित पिता ने चार लोगों पर दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है।

नाबालिग से छह माह से दुष्कर्म करने की पूरी वारदात संभल के थाना



धनारी क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़ित पिता की शिकायत पर थाना पुलिस ने गुलहशन उर्फ गुलामहसन पुत्र निजामुद्दीन व नशीम पुत्र अली मौहम्मद पर एफआईआर दर्ज कर ली है। मामला दो समुदाय का होने के चलते पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और पीड़ित पिता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### दो आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की

घटना को अंजाम देने के बाद भाई को जान से मारने की धमकी देने से मेरी बेटी घबरा गई। उसने किसी को कुछ नहीं बताया। पिता ने बताया कि रोजाना उसे उल्टी हो रही थी, तब उसने अपनी बड़ी बहन को बताया कि वह तीन माह की गर्भवती है। पीड़ित पिता ने पुलिस को दी अपनी तहरीर में चार लोगों पर बलात्कार करने का गंभीर आरोप लगाया है। लेकिन पुलिस ने दो आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की है। बहजोई सीओ दीपक तिवारी ने बताया कि थाना धनारी क्षेत्र में एक नाबालिग से दो लोगों पर बलात्कार करने का आरोप लगा है। तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियुक्त पंजीकृत करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई कर उसे जेल भेजा गया है।

### बेटी से बलात्कार की घटना को अंजाम दिया

थाना पुलिस ने बताया कि गुलहशन को गिरफ्तार करने के बाद कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा गया है। फरार हुए एक आरोपी युवक की गिरफ्तारी का पुलिस जल्द दावा कर रही है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा कि छह माह पहले उसकी बेटी घर पर अकेली थी।

# सुल्तानपुर में तालाब में डूबकर 2 बच्चों की मौत

सुलतानपुर। सुल्तानपुर के चांदा कोतवाली अंतर्गत सदरपुर में दो बच्चे तालाब में डूब गए। जैसे-तैसे दोनों बच्चों को तालाब से निकालकर सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम में भेजकर मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

चांदा कोतवाली क्षेत्र के सदरपुर निवासी जयप्रकाश गुप्ता का 14 वर्षीय पुत्र शिव गुप्ता और राजकुमार का 13 वर्षीय पुत्र बलवंत तालाब में नहाने पहुंचे थे।

दोनों बच्चे सदरपुर जूनियर हाईस्कूल में पढ़ते थे। वे जिस स्कूल में पढ़ते थे उसी के पीछे बने तालाब में रविवार को नहाने पहुंच गए। एकाएक दोनों तालाब में डूबने लगे। तभी शिव गुप्ता की बहन ने उन्हें डूबता देखा तो दौड़कर घर गई और परिवार वालों को घटना से अवगत कराया।

### सीएचसी में डॉक्टर ने घोषित किया मृत

परिवार वाले आनन-फानन में मौके पर पहुंचे दोनों को बाहर निकालने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चे बाहर निकाले जा सके। उन्हें परिवारीजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सीओ अब्दुस सलाम ने बताया कि तालाब में नहाते समय डूबने से बच्चों की मौत हुई है। शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# सहकारी चीनी मिल से शीरा चोरी करते पकड़ा

## आबकारी सब इंस्पेक्टर, क्लर्क और 2 ड्राइवर कर रहे थे चोरी, 6 लाख है कीमत

सहारनपुर। सहारनपुर के सरसावा की किसान सहकारी चीनी मिल से शिरा चोरी करते हुए चार लोग पकड़ा है। चोरी में आबकारी के सब इंस्पेक्टर, एक क्लर्क और दो टैंकर के चालक है। चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक और उनकी टीम ने चारों को पकड़ा है। आरोपियों को थाना सरसावा पुलिस को सौंप दिया है।

### दो टैंकर शीरा चोरी करने का था प्लान

थाना सरसावा की चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक ने मिल के अन्य अधिकारियों के साथ शीरा चोरी कराते हुए आबकारी उप निरीक्षक अरविंद सिंह, शीरा ऑफिस के बाबू शिवकुमार को रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके पर दो टैंकरों में भरा हुआ शीरा भी बरामद हुआ।

सहकारी चीनी मिल के केमिस्ट की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चोरी के प्लान में दो टैंकर चालक भी शामिल है। जिनके विरुद्ध अपराध पंजीकृत कर भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मेरठ में पेश किए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

### रोजाना 12 टैंकर बिक रहा था शीरा

किसान सहकारी चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक राजकुमार मित्तल ने बताया, रोजाना दो या तीन टैंकर शीरे की बिक्री होती थी। लेकिन बीते कुछ दिनों से अचानक शीरे की बिक्री में तेजी आई। रोजाना 10 से 12 टैंकर शीरा बिकने लगा। जिस पर उन्होंने अपने स्टाफ को सजगता बरतने के आदेश दिए।

प्रबंधक ने बताया, शनिवार को उनके पास शीरा खरीदने वाली एक फर्म के 12 टैंकरों के नंबर और चालकों की सूची आई। इसकी वो जांच करने चले गए। लेकिन शीरा संरक्षित क्षेत्र में उन्हें 14 टैंकर आने की जानकारी मिली। इसमें से आठ टैंकर शीरा भरकर जा चुके थे और 6 टैंकर मौके पर खड़े थे।

# पुलिस मुठभेड़ 50 हजार का इनामी दिलशाद गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के फूलपुर थाने की पुलिस ने 50 हजार के इनामी हिस्ट्रीशीटर गोतस्कर दिलशाद को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गोतस्कर लगातार फरार चल रहा था। आरोपी पर 13 गंभीर आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर ष्ठ-34 गिरोह का सक्रिय सदस्य है। अपने साथियों के साथ मिलकर गोतस्करी की घटनाओं को अंजाम देता था और बिहार तक पशुओं की तस्करी करता था। फूलपुर थाना प्रभारी शशिचन्द्र चौधरी को रात्रि में दो बजे सूचना मिली की 50 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर दिलशाद पुत्र शमसाद किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए से मद्धूपुर कलवारी रोड जाने वाले मार्ग पर कौड़िया प्राइमरी पाठशाला के पास खड़ा है। सूचना पर थाना प्रभारी कौड़िया प्राइमरी पाठशाला के नजदीक पहुंचे जहां एक व्यक्ति कौड़िया प्राइमरी पाठशाला के पास खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही दिलशाद बगल की झाड़ी में जाकर छिप गया। इसके बाद पुलिस को पास आता देख आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी।

# कमिश्नरेट कोर्ट का रिकॉर्ड, गुंडा एक्ट के 700 मामले निपटे

## प्रयागराज में देर रात तक बैठी कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के वकील भी सुनवाई में हुए शामिल

प्रयागराज। प्रयागराज कमिश्नरेट कोर्ट ने एक अनूठा रिकार्ड बना लिया है। सालों से लंबित गुंडा एक्ट के मामलों को निपटाने के लिए मैराथन सुनवाई चलाई गई। शनिवार सुबह से बैठी कमिश्नरेट कोर्ट शाम को बंद होने के बजाय रात तक बैठी रही।

देर रात तक कोर्ट ने गुंडा एक्ट के 712 मामलों का निपटारा कर दिया। मतलब जिले के उन 712 लोगों को राहत मिल गई जिन पर सालों से गुंडा एक्ट कार्रवाई की तलवार लटक रही थी।

सुबह से देर रात तक करीब 14 घंटे की इस ऐतिहासिक सुनवाई की सबसे खास बात यह रही कि इसमें सुप्रीम कोर्ट के दो वकील भी शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट के वकीलों ने वादकारियों की मदद के लिए बिना फीस लिए पैरवी की।

सूबे की कमिश्नरेट कोर्ट का यह पहला मामला होगा जब सुप्रीम कोर्ट के वकील ऑनलाइन पैरवी में शामिल हुए। वादकारियों की तरफ से बहस



की और तमाम लोगों को गुंडा एक्ट की कार्रवाई से मुक्ति मिल गई।

### 14 घंटे से ज्यादा लगातार सुनवाई का रिकॉर्ड

पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा भी गुंडा एक्ट के पुराने मामलों के निपटारे के लिए कमिश्नरेट कोर्ट में हफ्ते में तीन दिन बैठ रहे थे। मैराथन सुनवाई में कमिश्नर सुबह आठ बजे कोर्ट पहुंच गए।

इसके बाद फाइलें दर फाइलों को पेश किया जाने लगा। सुनवाई शुरू हुई तो सुप्रीम कोर्ट की वकील स्मिता दीक्षित और करन मल्होत्रा सुनवाई में ऑनलाइन शामिल हुए। इसके बाद 14 घंटे तक लंबी सुनवाई चलती रही।

शाम को कमिश्नरेट कोर्ट बंद होने के बजाय चलती रही। वादकारियों, वकीलों की आवाजाही देर शाम तक जारी रही। अभियोजन अधिकारी आनन्द कुवर गुप्त सुनवाई में शामिल हो पक्ष रखते रहे। अंत में रात तक 712 मामलों का निपटारा कर दिया गया।

गुंडा एक्ट का नोटिस जारी होने के बाद बहुत सारे ऐसे लोग थे जो अपने मामलों की पैरवी नहीं कर पा रहे थे। किसी के पास रुपए नहीं थे तो किसी के पास परिवार के लोग नहीं पहुंच पा रहे थे। ऐसे लोगों के लिए यह सुनवाई बड़ी राहत लाई। सुप्रीम कोर्ट के वकीलों ने भी कहा कि वह ऐसे लोगों की सुनवाई में शामिल होना चाहते हैं जो पैरवी से मजबूर हैं।

# बेटी की फीस को लेकर झगड़ा... पत्नी ने किया सुसाइड

## झांसी में पति के पैसे उठाकर फीस जमा कर आई थी, चाची बोली- गला घोंटकर मारा गया

झांसी। झांसी में एक महिला ने सुसाइड कर लिया। दरअसल, वह बेटी की स्कूल फीस भरना चाहती थी। लेकिन शराबी पति पैसा नहीं दे रहा था, जब वह पति के 900 रुपए उठाकर फीस जमा कर आई तो दोनों के बीच विवाद हो गया। महिला की चाची ने आरोप लगाया कि पहले पति ने मारपीट की। फिर गला घोंटकर हत्या कर दी। उसके बाद हम लोगों को बताया कि बेटी ने फांसी लगा ली है। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पूरे मामले की जांच कर रही है।

### 7 साल पहले हुई थी शादी

नीलम देवी (27) नवाबाद थाना



क्षेत्र के खुशीपुरा की रहने वाली थी। उसकी चाची नथिया ने बताया कि मेरी भतीजी नीलम की शादी मार्च 2017 में नरेश के साथ हुई थी।

उनकी दो बेटी 5 साल की नव्या और एक साल की राधिका है। नरेश बहुत शराब पीता था और बात -बात पर उसके साथ मारपीट करता था। दहेज में दिया सामान, बाइक और गहने तक गिरवी रख दिए। खर्चे के लिए मायके से पैसा मंगाता था। कई बार पैसे भी दिए। इसको लेकर नीलम परेशान रहती थी।

### फीस को लेकर विवाद हो गया था

चाची ने आगे बताया कि नीलम की बड़ी बेटी स्कूल में पढ़ती है। उसकी फीस जमा नहीं हुई थी, इसलिए टीचर बच्ची को फीस के लिए बोला करती थी।

पति पैसा नहीं दे रहा था, शनिवार को वह पति के पैसा उठाकर फीस जमा कर आई। जब वह लौटकर आई तो पैसे को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि पति ने उसके साथ मारपीट कर दी और फिर गला घोंटकर मार दिया।

वहीं, पति का कहना है कि पत्नी फीस के लिए तीन हजार रुपए मांग रही थी। मैंने 1500 रुपए दे दिए थे। बाकी के पैसे बाद में देने के लिए बोला था। इसी बात को लेकर विवाद होने लगा तो मैं नीचे आ गया। थोड़ी देर बाद ऊपर कमरे में गया तो अंदर से कुंडी बंद थी। दीवार में छेद करके कुंडी खोली तो नीलम फंदे पर लटकी थी। तुरंत उसे नीचे उतारा और मेडिकल कॉलेज लाए। यहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पत्नी के मायके वाले झूठे आरोप लगा रहे हैं।

# मुजफ्फरनगर में होटलकर्मी की हत्या, कमरे में मिला शव

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव घासीपुरा में होटल कर्मचारी की हत्या के बाद उसका शव कमरे में पड़ा मिला। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकलवाया। उसके साथ रहने वाले साथी की तलाश की जा रही है। आशंका है कि साथी युवक उसकी हत्या कर फरार हो गया। उत्तराखंड राज्य के टिहरी गढ़वाल निवासी आशुतोष उर्फ अमित रावत पिछले डेढ़ वर्ष से मंसूरपुर थाना क्षेत्र के बेगराजपुर गांव स्थित पंजाबी चाब होटल पर काम करता था। पंजाबी चाब होटल के स्वामी अमित कुमार की सूचना पर पुलिस ने जांच की। सीओ यतेंद्र सिंह नागर ने बताया, कि होटल कर्मचारी आशुतोष उर्फ अमित मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र निवासी युवक सागर के साथ घासीपुरा में किराए के मकान में रहता था। कमरे के भीतर उसका शव मिला है, जबकि बाहर से ताला लगा हुआ था। फोरेंसिक टीम और पुलिस कर्मियों ने शव को किसी तरह से बाहर निकाला है। मृतक के सिर पर दो स्थानों पर चोट के निशान मिले हैं। प्रथम दृष्टया आशुतोष की हत्या होना प्रतीत हो रहा है। उसके साथ रहने वाला युवक फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस टीम को लगाया गया है। होटल कर्मी की हत्या से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



ललितपुर। पूराकला लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी तालबेहट कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण मे आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पूराकला पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना एक अभियुक्त दीपक नायक पुत्र रामनारायण उर्फ भोला नायक उम्र करीब 33 वर्ष निवासी ग्राम भुचेरा थाना पूराकलाँ को पतारा हंसारवाव तिराहा से मय एक अवैध तमंचा देशी 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के गिरफ्तार किया गया ।बरामदगी के आधार पर अभियुक्त दीपक नायक उपरोक्त के विरुद्ध थाना पूराकला पर मु0अ0स0 44/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया ।अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है ।गिरफ्तारी करने वाली टीम अभिनेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष पूराकला उ0नि0 रघुरनाथ सिंह का0 अजमतउल्ला कमलेश पाल आदि शामिल रहे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी ने पुलिस पदाधिकारी के साथ की बैठक

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ पुलिस लाइन सभागार में मीटिंग कर आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल, निर्विघ्न एवं शान्ति पूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु तथा सुदृण सुरक्षा /पुलिस प्रबन्ध के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये आगामी लोकसभा चुनाव के सम्बन्ध में जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल पुलिस अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित



कर FST/SST टीम के साथ लगा पुलिस फोर्स चुनाव के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चैकिंग की कार्यवाही करे इस सम्बन्ध में निर्देशित किया गया ।

समस्त थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर, क्रियाशील अपराधी, गुण्डा, अभ्यस्थ अपराधी, अराजक तत्वों पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही कर पाबन्द कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत सभी को चुनाव की तैयारियों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा सीमावर्ती राज्य म0प्र0 से वार्डर मीटिंग कर आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा नाका चेकिंग हेतु निर्देशित किया तथा सभी नाकों पर चैकिंग करने के निर्देश दिये गये। आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये सभी क्षेत्राधिकारी/ थाना प्रभारी लाइजिंग अधिकारी के साथ अपने अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का पुन: भौतिक सत्यापन कर लें। चुनाव के दौरान अन्य जनपदों से आने वाले पुलिस बल/अर्धसैनिक वल/होमगार्ड्स/पीएसी के ठहरने के स्थानों का चिन्हीकरण व भौतिक सत्यापन कर मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, खाने, लाईट आदि की व्यवस्था को सुनिश्चित कर ले।

# तीन किग्रा गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

ललितपुर। जीआरपी पुलिस टीम द्वारा शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर कब्जे से 03.177 कि0ग्रा0 नाजायज गांजा (कीमत करीब 79000 रू0) बरामद किये गये। पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी द्वारा चलाये जा रहे अभियान चेकिग संदिग्ध व्यक्ति वस्तु एवं गिरफ्तारी व बरामदगी अवैध गाजा/शराब के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे झाँसी के निकट



पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी द्वारा मय पुलिस टीम व आरपीएफ पोस्ट द्वारा रेलवे स्टेशन ललितपुर से एक शातिर अपराधी जगन्नाथ गौडा पुत्र शिबा गौडा निवासी मडामहूरी बडासाही थाना कवीसूर्यानगर जनपद गंजम उडीसा उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 03.177 कि0ग्रा0 नाजायज गांजा बरामद हुआ ।बरामद अवैध गाजा के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 42/2024 धारा 8/20 NDPS ACT पंजीकृत किया गया । अभि0 को मान0 न्यायालय ललितपुर के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

## उन्नाव में बाग में लटका मिला युवक का शव

**उन्नाव।** उन्नाव में रविवार को एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में आम के बाग में लटका मिला। जिसे देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों से पूछताछ के बाद पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। मामला हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बदबदा खेड़ा का है। यहां के रहने वाले रंजीत सिंह का बेटा मोहन घर से बगैर बताए रविवार की सुबह निकल गया था। जिसका संदिग्ध परिस्थितियों में शव फरिद्दीपुर गांव निवासी रामकेशन उर्फ गरीबे की आम की बाग में दोपहर को लटकता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। युवक दो भाई थे। बड़े भाई सोहन ने 4 वर्ष पहले फांसी लगाकर आत्मा हत्या कर ली थी। मोहन अभी अविवाहित था और लुधियाना में रहकर काम करता था। होली में घर आया था तब से यही पर ही रह रहा था।

# शार्ट न्यूज

## पुलिस ने एक दर्जन वारंटियों को किया गिरफ्तार

ललितपुर। जिले में फरार चल रहे विभिन्न धाराओं के वारंटियों की धर पकड़ तेज हो गई है। पिछले 24 घंटे के दौरान पुलिस ने कई स्थानों पर छापा मारकर 10 वारंटियों को धर दबोचा। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने में जुट गई है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों के पर्यवेक्षण मे आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत वारण्टी अपराधियो के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर जनपदीय पुलिस द्वारा 10 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी ।अशोक पुत्र हन्नू उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम पाह थाना बानपुर अमोल पुत्र दयाली उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम पाह थाना बानपुर महेश पुत्र हन्नू उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम पाह थाना बानपुर गोरेलाल अहिरवार पुत्र स्व0 डलुवा उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम मोगान थाना बानपुर कमलापत पुत्र दुर्जन उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम मोगान थाना बानपुर शंकर पुत्र पूरन उम्र करीब 39 वर्ष निवासी ग्राम बानौनी थाना बानपुर खिलावन पुत्र गोरेलाल अहिरवार उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम डगराना थाना बानपुर सोनू पुत्र बब्लू अहिरवार उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम डगराना थाना बानपुर मुलावा अहिरवार पुत्र मौजी अहिरवार निवासी ग्राम गणेशपुरा कस्बा थाना जाखलौन कल्याण पुत्र फुन्दी पाल उम्र करीब 60 वर्ष निवासी ब्लाक के पास कस्वा व थाना मड़ावरा को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

## बलिया में अवैध शराब व्यवसायी गिरफ्तार

बलिया। बलिया पुलिस और आबकारी विभाग ने 8 पीएम शराब के अवैध रैपर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार व्यक्ति के घर लाइसेंसी अंग्रेजी शराब का गोदाम है। पुलिस ने आबकारी निरीक्षक विनय कुमार राय की तहरीर पर गिरफ्तार व्यक्ति छितेश्वर प्रसाद पुत्र स्व. दीनानाथ प्रसाद निवासी गौशाला रोड (कदमचौराहा) बलिया के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आबकारी विभाग की इस कार्रवाई में जापलिनगंज पुलिस भी शामिल रही। आबकारी निरीक्षक विनय कुमार राय और संदीप कुमार यादव की टीम अवैध शराब चेकिंग अभियान में मालगोदाम तिराहे पर थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर आबकारी टीम और जापलिनगंज पुलिस चौकी से उप निरीक्षक रामानुज व राजू राय के साथ गौशाला रोड पहुंची और छितेश्वर प्रसाद की मकान पर पहुंची। मकान मालिक छितेश्वर प्रसाद पुत्र स्व. दीनानाथ प्रसाद निवासी सहतवार थाना सहतवार, बलिया हाल मुकाम गौशाला रोड कदम चौराहा थाना कोतवाली, बलिया से उनके घर की तलाशी लेने की बात की। फिर, छितेश्वर प्रसाद के साथ उसके घर की तलाशी ली गई तो मकान के दूसरे तल्ले पर एक कमरे में 2 बैग बरामद हुआ। दोनों बैंगों में 8 पीएम ट्रैट्रा पैक खाली रैपर 1605 बरामद हुआ, जिस पर गलत बार कोड गलत लगाया गया था।

## बेटों की पिटाई के बाद पिता ने दी जान

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना थाना क्षेत्र गांव बिराल में ग्रामीण ने पुत्रों की पिटाई से दुखी होकर आत्मग्लानि में जहरीले पदार्थ का सेवन कर जान दे दी। ग्रामीण की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। अपने पुत्रों की पिटाई से ग्रामीण क्षुब्ध था। मृतक के भाई ने दो पुत्रों व पुत्रवधु के विरुद्ध घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बिराल में ग्रामीण मेघपाल (57) की अपने पुत्रों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि शुक्रवार की रात्रि में मेघपाल के साथ उसके पुत्रों ने मारपीट कर दी। रात्रि में ग्रामीण ने घर में रखे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। सुबह ग्रामीण की हालत खराब हो गई। स्वजन ने गंभीर हालत में ग्रामीण को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट मृतक के भाई मनोज ने दर्ज कराई है। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेजकर जांच में जुट गई है। घटना की सूचना पर सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने भी मौके पर पहुंच जानकारी ली। इंस्पेक्टर आनंद देव मिश्र ने बताया कि मृतक के भाई मनोज की तहरीर पर धारा 306 के तहत आत्महत्या के उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक के पुत्र मोनू, अंकुर और पुत्रवधु सोनिया के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई है। मामले के जांच की जा रही है।

## जालौन में भाई ने बहन को नदी में फेंका, मौत

**जालौन।** जालौन में हॉरर किलिंग का एक मामला सामने आया है। जहां एक लड़के से बात करना किशोरी को भारी पड़ गया। उसके चचेरे भाई ने उसे नदी में फेंककर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने किशोरी के शव को बरामद कर लिया। साथ ही हत्या करने वाले उसके चचेरे भाई को गिरफ्तार करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के करमरा से निकली पहुज नदी का है। इस गांव की रहने वाली मान सिंह वघेल की 12 वर्षीय पुत्री मीनाक्षी उर्फ मित्तल कक्षा आठ में पढ़ाई कर रही थी। शनिवार शाम मीनाक्षी गाय को पशु बाड़ा में बांधने गई थी लेकिन काफी देर होने पर जब मीनाक्षी घर नहीं लौटी तो परिजनों ने आस पड़ोस में उसकी खोजबीन की पर उसका कुछ भी पता नहीं चला। तब परिजनों ने इसके बारे में पुलिस को सूचना दी। शनिवार देर रात को माधौगढ़ के सीओ शैलेन्द्र बाजपेई, कोतवाल नागेन्द्र पाठक, बंगरा चौकी प्रभारी राहुल सिंह मौके पर पहुंचे और किशोरी की खोजबीन शुरू की। जब पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला तो किशोरी के घर में रखे मोबाइल को लेकर उसकी जांच की गई। जिसमें लड़की के चचेरे भाई शिवकुमार वघेल का नंबर मिलने पर पुलिस ने उसे शक के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।

## लखनऊ में चाचा ने भतीजे को मार डाला

लखनऊ। लखनऊ में चाचा ने भतीजे की चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक के शरीर में 30 से ज्यादा जख्म के निशान मिले हैं। वह पत्नी को पहुंचाने ससुराल गया था। लौटते समय रास्ते में उसे चाचा ने घेर लिया। उस पर चाकू से हमला कर दिया। जब तक वह मरा नहीं, तब तक चाकू मारता रहा। वारदात के बाद वह मौके से भाग गया। मृतक मोहम्मद जैद के भाई ने पुलिस को तहरीर में बताया कि चाचा के साथ पुस्तैनी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।भाई की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। घटना बाजारखाला थाना इलाके की है। फैज ने कहा जैद को मारने की साजिश चाचा कई बार कर चुका है। 15 सितंबर 2023 को जान से मारने की कोशिश की थी। इसमें जैद को काफी चोट आई थी। वह एक महीने तक बलरामपुर अस्पताल फिर केजीएमयू में भर्ती रहा। पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई तो आरोपी जेल जाने से बच गए। इसलिए उनके हौसले बुलंद हो गए। आखिरकार उन्होंने भाई को मार ही डाला। दरअसल, जैद तीन भाई है। मृतक कि महांव रोड पर 132 बीघा जमीन है। पिता की मौत के बाद चाचा उस जमीन पर कब्जा कर लिया। जैद और उसके भाई जमीन मांगते तो जान से मारने की धमकी दी जाती। चाचा यही चाहता था कि ये लोग इस जमीन को छोड़ दें। इसलिए कई बार हमला करा चुका है। घटना के बाद परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## अलीगढ़ में किसान ने किया सुसाइड

अलीगढ़। अलीगढ़ में एक किसान ने संदिग्ध परिस्थिति में फांसी लगा ली। गांव के मंदिर से कुछ ही दूरी पर किसान ने फांसी लगाकर जान दी। जब गांव के अन्य लोग वहां से गुजरे तो उन्होंने पेड़ से शव को लटका हुआ देखा, जिसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने पर गोंडा पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मौके पर पहुंचे सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। गांव के लोगों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। गोंडा थाना के गांव माती बसई निवासी वीरपाल शर्मा (54) खेती किसानी करते थे। हर दिन की तरह वह शनिवार को भी घर से पूजा करने के लिए मंदिर गए थे। उन्होंने मंदिर में पूजा भी की। इसके बाद मंदिर से कुछ ही दूरी पर जाकर पेड़ पर फंदा लगा लिया और अपनी जान दे दी। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं थी। उन्होंने ऐसा क्यों किया, इसका पता नहीं चल पा रहा है। वहीं पुलिस भी किसान की आत्महत्या का कारण जानने में जुटी हुई है और गांव के अन्य लोगों और किसान के परिचितों से पूछताछ की जा रही है। जिससे किसान की मौत का कारण स्पष्ट हो सके।

## हजारों डॉल्फिन को निर्दयतापूर्वक मार दिया जाता है जापान में, समंदर का पानी हो जाता है लाल, सरकार ने दे रखी है खुली छूट

टोक्यो । जापान के ताईजी में क्रूर डॉल्फिन शिकार के मौसम के दौरान हजारों डॉल्फिन को निर्दयतापूर्वक मार दिया जाता है या समुद्री पार्कों में ले जाया जाता है। कई तरीके से दावे किए जाते हैं कि इससे समुद्र का रंग पूरी तरह से लाल हो जाता है। अजीब बात यह है कि इसे बिलकुल भी काबू में नहीं किया जा सकता है क्योंकि सरकार छह महीने के लिए इसकी अनुमति देती है। जापानी मत्स्य पालन एजेंसी मछुआरों को हर साल लगभग 16000 समुद्री स्तनधारियों को मारने या छीनने की मंजूरी देती है। यह गंभीर तमाशा इस महीने की शुरुआत में तटीय शहर में शुरू हुआ है। अमेरिका स्थित चैरिटी डॉल्फिन प्रोजेक्ट का कहना है कि इन मछुआरों ने अपने काम को एक बेहतरीन कला के रूप में पेश किया है, कुछ दिनों में उन्हें 100 से अधिक डॉल्फिन बैग में ले जाते हुए देखा गया है। इसकी आलोचना करते हुए, डॉल्फिन प्रोजेक्ट के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह कैसे काम करता है, जब एक समूह मिलता, तो मछुआरे अपनी नावों के नीचे स्टेनलेस स्टील के खंभों को पानी में डालते हैं। शिकारियों के खंभों पर हथौड़ों से बार-बार प्रहार करने पर उत्पन्न होने वाली ध्वनि को बढ़ा देता है। शोर पानी के भीतर ध्वनि की एक दीवार बनाता है, और डॉल्फिन खुद को ध्वनि की इस दीवार और तटरेखा के बीच फंसा हुआ पाते हैं। ध्वनि से बचने की कोशिश में, डॉल्फिन विपरीत दिशा में, किनारे की ओर तैरती हैं। मछुआरे उन्हें ताईजी बंदरगाह के पास एक छोटी खाड़ी में ले जा सकते हैं। इस प्रक्रिया में कई घंटे लग सकते हैं, जिसके दौरान डॉल्फिन थक जाती हैं। मछुआरे ब्लोहोल्स के ठीक पीछे डॉल्फिन की गर्दन में एक तेज धातु की कील ठोक देते हैं, जिससे रीढ़ की हड्डी टूट जाती है और तत्काल मौत हो जाती है। जापान को इस साल की शुरुआत में अपनी व्यावसायिक व्हेलिंग गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा, जिससे वैश्विक स्तर पर भी ऐसी ही प्रतिक्रिया हुई थी। वहीं इन दावों को खारिज भी किया जाता है। दलील दी जाती की वास्वत में डॉल्फिन का शिकार इतना अमानवीय नहीं है जितना पेश किया जा रहा है। बता दें कि मछली मारना कोई वहशी काम नहीं माना जाता है। लेकिन जापान में डॉल्फिन का शिकार एक क्रूरता का खेल दिखाई देता है।

## पूर्वी कांगो में विस्थापितों के शिविर पर बमबारी... 35 की मौत

कांगो । पूर्वी कांगो में विस्थापितों के दो शिविरों पर पिछले सप्ताह हुई बमबारी में मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हो गई, जबकि दो लोगों की हालत बेहद नाजुक है। उत्तर किवु राज्य में शिविरो पर हमले हुए थे। पूर्वी कांगो के मुगुंगा और लेक वर्ट शिविरों पर बमबारी के लिए कांगो की सेना और विद्रोही समूह 'एम23' एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इस हमले के आरोप 'एम23' और पड़ोसी देश रवांडा की सेना पर लगाएं हैं। एम23 एक सशस्त्र समूह है जिसमें तुत्सी जनजाति के लोग शामिल हैं। ये समूह कांगो की सेना से 12 साल पहले अलग हुआ था। कांगो के राष्ट्रपति फेलिक्स टी ने पड़ोसी देश रवांडा पर एम23 विद्रोहियों का समर्थन कर कांगो में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया है।

## महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन,एक की मौत

कराची। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में बढ़ती महंगाई और बिजली की कीमतों के विरोध में लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन हुए। इस दौरान पुलिस और पीओके के राजनीतिक-धार्मिक संगठन अवामी एक्शन कमेटी के बीच झड़प हुई। इसमें एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, जबकि 70 घायल हुए हैं। प्रदर्शनों के बीच एसीसी ने पूरे पीओके में बंद की अपील की। इसके बाद स्कूल, ऑफिस, रेस्त्रां, बाजार और दूसरी सार्वजनिक जगहों पर ताला लटका नजर आया। पीओके के मदीना मार्केट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। यहां एससीसी के कार्यकर्ताओं ने मार्च निकाली। पुलिस ने मुजफ्फराबाद जाने के रास्ते में बैरिकेड लगा दिए।

## ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने समुद्र के रास्ते भेड़ों के निर्यात पर लगाया बैन, पशुओं के अधिकारों के लिए लड़ने वाले संगठनों के दबाव में लिया फैसला

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने समुद्री रास्ते भेड़ों के निर्यात पर 2028 से पाबंदी लगाने का ऐलान किया है। यह फैसला जानवरों के हितों की रक्षा करने वाले संगठनों की मांग पर लिया गया है। जानकारी के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई सरकार का कहना है कि निर्यात बंद करने से पहले पांच सालों में 10.7 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की राशि से सहायता दी जाएगी ताकि इससे प्रभावित होने वाले लोग समायोजन कर सकें। हालांकि पशु किसानों का प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन इस फैसले से खुश नहीं है। उनका कहना है कि इससे कई लोगों की नौकरियां चली जाएंगी और किसान समुदाय प्रभावित होगा। ऑस्ट्रेलिया की सरकार का कहना है कि वह मई 2028 से समुद्र के रास्ते देश से जीवित भेड़ों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा देगी। प्रतिबंध लागू करने के लिए कानून संघीय संसद में पेश किया जाएगा। यह चरणबद्ध प्रतिबंध पशुधन निर्यात उद्योगों, जैसे जीवित मवेशियों के निर्यात पर लागू नहीं होती है और न ही यह हवाई मार्ग से जीवित भेड़ों के निर्यात पर लागू होती है। गौरतलब है कि 1990 और 2000 के दशक में ऑस्ट्रेलिया हर साल करीब 50 लाख भेड़ों का निर्यात करता था, लेकिन धीरे-धीरे यह संख्या कम होती गई। अब यह संख्या 6 लाख 84 हजार रह गई है। इनकी कीमत करीब 50 मिलियन डॉलर थी। इन भेड़ों को जहाजों से मध्य-पूर्व के देशों में भेजा जाता है। जानवरों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले संगठनों का कहना है कि भेड़ों को इतनी लंबी यात्रा कराना उनके साथ क्रूरता है। 2018 में गर्मी से 2400 भेड़ों की मौत के बाद से इस मामले को लेकर काफी बहस छिड़ गई थी। उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने यह फैसला लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादातर भेड़ों को मध्य पूर्व में भेजा जाता है, जो करीब दो सप्ताह में दूरी तय करते है। इनका मुख्य निर्यात गंतव्य कुवैत, इज़राइल और संयुक्त अरब अमीरात हैं। पशु अधिकार समूह सालों से ऑस्ट्रेलिया से उन भेड़ों के निर्यात को रोकने के लिए दबाव डाल रहे हैं, जहां 2018 में गर्मी के तनाव से 2400 भेड़ों की मौत पर सार्वजनिक आक्रोश ने सख्त कल्याण मानकों की मांग की थी। जनवरी में, इज़राइल जाने वाला करीब 14,000 भेड़ों और 2,000 मवेशियों को ले जाने वाला एक जहाज ऑस्ट्रेलिया के तट पर भीषण गर्मी में फंस गया था। इस दौरान उसे लाल सागर के जरिए से यात्रा छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

## मिलिशिया ने दक्षिणी इज़राइल एयरबेस पर मिसाइल हमले का किया दावा

बगदाद। इराक में एक शिया मिलिशिया समूह ने इजराइल के एक सैन्य हवाई अड्डे पर क्रूज मिसाइल से हमले की जिम्मेदारी ली है। इराक में इस्लामिक प्रतिरोध के नाम से मशहूर मिलिशिया ने शनिवार को अपने एक ऑनलाइन बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने अलसुबह दक्षिणी इज़राइल स्थित रेमन एयरबेस पर लंबी दूरी की अल-अरकाब उन्नत क्रूज मिसाइल से हमला किया। मिलिशिया ने जोर देते हुए कहा कि हमला गाजा पट्टी के लोगों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए किया गया, और मिलिशिया ने फ्रदुश्मन के गढ़ोंफ्र को निशाना बनाने के प्रति संकल्पबद्ध है। मिलिशिया ने अपने बयान में अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है। गाजा संघर्ष शुरू होने के बाद से ही इराक में इस्लामिक प्रतिरोध ने इस क्षेत्र में इजराइली और अमेरिकी ठिकानों पर अनेक हमले किए हैं।

## ब्राज़ील में तूफ़ान से मरने वालों की संख्या 136 पहुंची

साओ पाउलो। दक्षिणी ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में आए तूफान और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 136 तक पहुंच गई है। इस प्राकृतिक आपदा में अभी भी करीब 125 लोग लापता हैं और 756 से अधिक लोग घायल हुए हैं। राज्य की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने इस बात की जानकारी शनिवार को दी है। दक्षिणी ब्राजील के इस राज्य में 29 अप्रैल को बारिश शुरू होने के बाद से अब तक 3 लाख, 39 हजार, 925 लोग विस्थापित हुए हैं। वहीं 71 हजार, 398 लोग अस्थाई आश्रय स्थलों में रह रहे हैं और 497 नगर पालिकाओं में से 444 में 20 लाख से अधिक लोग प्रभावित बताए गए हैं। जानकारी अनुसार बाढ़ वाले क्षेत्रों में बचाव-कार्य व आगामी बारिश की आशंका के लिए जलवायु संबंधी अलर्ट जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि राज्य की राजधानी पोर्टो एलेग्रे में शनिवार को पुनः बारिश हुई, जिससे गुएबा नदी के स्तर में हो रही गिरावट रुक गई और नदी में बाढ़ की स्थिति बन गई।



तेल अवीव में बंधकों की रिहाई की मांग करते हुए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए लोग।

## पीओके में टैक्स के खिलाफ लोगों का विरोध प्रदर्शन, दो की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में वहां की आवाम द्वारा पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन को कुचलने के लिए पाकिस्तान की सरकार वहां के लोगों पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर रही है। मिल रही रिपोर्टों के मुताबिक पाकिस्तानी अधिकारी उन नागरिकों पर हमला कर रहे हैं जो टैक्स, महंगाई और बिजली की कमी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। पीओके में दमन नई बात नहीं है। बताया जा रहा है कि ताजा कार्रवाई में पाकिस्तान रेंजर्स और पुलिस ने आंसू गैस, छर्रों और गोलियों की बौछार की। पुलिस और अर्धसैनिक बलों के हमले में दो प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है। स्थानीय लोगों द्वारा निकाला जा रहा मार्च शांतिपूर्ण रूप में शुरू हुआ, लेकिन जब बलों ने हवा में गोलीबारी और घातक तरीकों से जवाब दिया, तो लोग पुलिस पर भड़क गए और झड़प शुरू हो गई। पुलिस और जनता के बीच झड़प का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद में पुलिस कार्रवाई के विरोध में हड़ताल के दौरान व्यावसायिक प्रतिष्ठान नहीं खुले और जनजीवन प्रभावित हुआ। इस दौरान सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी देखने को मिली। एक खबर के मुताबिक जम्मू-कश्मीर ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी' (जेकेजेएएसी) के आह्वान पर शुक्रवार को पीओके के मुजफ्फराबाद में कामकाज बंद रखने और चक्का जाम से जुड़ी इस हड़ताल के दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा पथराव करने के बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जिससे घरों में रह रहे लोग प्रभावित हुए।

# तीसरे विश्वयुद्ध की आहट: इरान ने दी परमाणु बम दागने की धमकी



**तेहरान (एजेंसी)।** दुनिया में बढ़ती आंतरिक कलह तीसरे विश्वयुद्ध की तरफ धकेल रही है। रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास के बीच महायुद्ध में हम दुनिया को जलते हुए देख रहे हैं। शांति के तमाम प्रयास नाकाम होने के बाद तीसरे महायुद्ध का खतरा बढ़ गया है। मुस्लिम देश ईरान ने धमकी दी है कि अगर उसे अपने अस्तित्व पर खतरा महसूस हुआ तो वह परमाणु हमले से नहीं चूकेगा। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खुमैनी के सलाहकार ने कहा है कि इजरायल अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। अगर उसे इजरायल से खतरा महसूस हुआ तो वह परमाणु युद्ध नीति को लेकर खाई अपनी कसम भूल जाएगा।ईरान के कमांडरों को हवाई हमले में मौत के घाट उतारकर इजरायल इस मुस्लिम देश से पंगा ले चुका है। जवाब में ईरान ने भी काउंटर अटैक कर दुश्मनी को और हवा दे दी। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के सलाहकार ने कहा है कि इजरायल से तेज होती दुश्मनी ने उसे अपनी परमाणु नीति को बदलने पर मजबूर कर दिया है। ईरान ने जोर देकर कहा है कि अगर इजरायल उसके लिए खतरा महसूस हुआ तो वह परमाणु हमले से भी पीछे नहीं हटेगा। ईरान का इजरायल को परमाणु हमले की धमकी देना मामूली बात नहीं है, खासकर तब जब दुनिया पहले ही दो महायुद्ध को अपनी आंखों के सामने देख रही है। फरवरी 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच कत्लेआम जारी है।

दरअसल, इस साल अप्रैल की शुरुआत में सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के दूतावास पर बमबारी के जवाब में ईरान और इज़रायल के बीच तनाव को चरम को पहुंचा दिया है। हालात ये हो गई कि ईरान ने सीधे इजरायली क्षेत्र को निशाना बनाते हुए विस्फोटक ड्रोन और मिसाइलों की बौछार की। परमाणु हथियारों के खिलाफ बोलने वाले खामेनेई ने अब न्यूक्लियर बमों के इस्तेमाल की पैरवीं करनी शुरू कर दी है। ईरान के पूर्व खुफिया मंत्री ने भी संकेत दिया कि बाहरी दबाव, विशेष रूप से पश्चिमी देशों के कारण ईरान परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की तरफ बढ़ सकता है। हाल ही में ऐसी रिपोर्ट भी सामने आई है कि ईरान को कुछ अघोषित स्थलों पर यूरेनियम का भंडार मिला है। यूरेनियम का इस्तेमाल परमाणु बमों को विकसित और बनाने में किया जाता है। हालांकि ईरान ने यूरेनियम मिलने की बात कबूली जरूर थी लेकिन, कहा था कि वह परमाणु बमों को बनाने के बजाय इसका इस्तेमाल अपने हथियारों को विकसित करने में कर रहा है। उधर, इजरायल हमास के नामो-निशान को मिटा देने की कसम खा चुका है। पहले गाजा को श्मशान बनाया और अब राफा शहर में नरसंहार का खतरा मंडरा रहा है। इजरायली सेना राफा पर कभी भी हमला कर सकती है। अनुमान है कि राफा में कम से कम 16 लाख फिलिस्तीनी रह रहे हैं, इनमें लाखों गाजा से भागे वे लोग हैं, जिन्होंने इजरायली रक्षा बलों के हमलों में अपना सबकुछ गंवा दिया है।

## निम्न जन्म दर को आपात काल घोषित किया, मंत्रालय बनाने की घोषणा



**सियोल (एजेंसी)।** पूर्वी एशियाई देश दक्षिण कोरिया के सरकार ने निम्न जन्म दर को आपात काल घोषित करते हुए इससे निपटने के लिए मंत्रालय बनाने की घोषणा की है। गुरुवार को टेलीविजन पर प्रसारित संदेश में राष्ट्रपति यून सुक योल ने कहा कि वह निम्न ज्मम दर से जुड़े मंत्रालय बनाने के लिए संसद से सहयोग मांगेंगे।

योल ने कहा, राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति धारण कर चुकी कम जन्म दर पर काबू पाने के लिए हम देश की सभी क्षमताओं को जुटाएंगे। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति 2022 में पद संभालने के बाद दो साल पूरे होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी सरकार सरकार लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रयासों में असफल रही है। उन्होंने वादा किया कि अपने कार्यकाल के बाकी बचे तीन साल का इस्तेमाल अर्थव्यवस्था में सुधार लाने और कम जन्मदर को संबोधित करने में करेंगे। दक्षिण कोरिया में दुनिया की सबसे कम प्रजनन दर है। प्रजनन दर को इस आधार पर मापा जाता है कि एक महिला के जीवनकाल में कितने बच्चे होंगे। दक्षिण कोरिया में साल 2023 में प्रति महिला यह औसत 0.72 दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष 0.78 से भी कम है। देश में लगातार कई सालों में प्रजनन दर में गिरावट देखी जा रही है।

किसी भी देश में आबादी को स्थिर रखने के लिए औसत प्रजनन दर का 2.1 होना जरूरी है। यानी हर महिला औसतन 2.1 बच्चे पैदा करे। दक्षिण कोरिया और उसके पड़ोस के दूसरे पूर्वी एशियाई देशों में जनसंख्या का डेटा चिंताजनक बना हुआ है। इन देशों में औद्योगीकरण के कुछ ही दशकों के बाद बूढ़ों की आबादी तेजी से बढ़ती जा रही है। जापान भी इस मामले में परेशानी से जूझ रहा है। युवाओं की घटती संख्या से इन देशों में कामकाजी आबादी भी कम हो रही है। यूरोपीय देशों में भी बूढ़ी हो रही आबादी का सामना करना पड़ता है, लेकिन इस परिवर्तन के असर को दुनिया भर से आने वाले आप्रवासियों के चलते कम कर दिया जाता है।

## दुनिया में छिड़े दो बड़े युद्धों से हथियारों की बिक्री बढ़ी

### -इस साल 250 लाख करोड़ का बाजार तैयार

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। दुनिया में छिड़े दो बड़े युद्धों से हथियार बाजार में गरमा-गरमी है। कोरोना काल के बाद भडक़े यूक्रेन-रूस युद्ध और पिछले साल अक्टूबर में इजराइल-हमास युद्ध के बाद अब हथियारों का बाजार तैयार हो गया है। इस साल 250 लाख करोड़ रुपए के हथियारों की बिक्री होने की संभावना है। अब तक दुनिया में हथियारों का बाजार लगभग 183 लाख करोड़ रुपए का है। इस हिसाब से इस साल हथियारों की खरीद में 37 फीसदी तक की तेजी आने की संभावना जताई जा रही है।

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि ये आंकड़ा देशों के बीच होने वाले आधिकारिक हथियार सौदों के आंकड़ों से जुड़ा है। लेकिन दुनिया भर में अवैध रूप से हथियारों की ब्रिकी का नेटवर्क और बाजार भी है। इसमें कई देशों की सरकारें भी परदे के पीछे शामिल हैं। तीस साल में पहली बार यूरोप में हथियारों की खरीद में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई। फरवरी 2022 में छिड़ा यूक्रेन-रूस युद्ध दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूरोप का पहला बड़ा युद्ध है। पिछले साल अक्टूबर में इजराइल-हमास युद्ध ने भी हथियारों की खरीद की रेस को बढ़ाया है। इजराइल के पास अपने बूते हथियारों का बड़ा जखीरा है, वहीं हमास के पक्ष में ईरान और खाड़ी के अन्य देशों ने अपने भंडारों को खोल दिया है।

**युद्ध का नैरेटिव सेट कर रिस्क को क्रिएट करते हैं-** मल्टीपोलर वर्ल्ड ऑर्डर में गुटों की भूमिका खत्म हो रही है। हथियार बाजार में नए देशों की एंट्री हो रही है। इनमें स्वीडन, तुर्किये, दक्षिण कोरिया, चीन और ईरान शामिल हैं। भारत भी अब हथियार बेचने वाले देशों में शामिल हो गया है। हथियार बेचने में अव्वल देशों ने सबसे पहले हथियारों के क्षेत्र में रिसर्च पर बहुत काम किया। स्वीडन दुनिया का सबसे दिलचस्प देश है जो हथियार एक्सपोर्ट करता है और शांति का नोबेल पुरस्कार भी देता है। दुनिया में असल युद्ध के समय तो हथियारों की बिक्री होती ही है, युद्ध का नैरेटिव सेट कर युद्ध का आर्टिफिशियल रिस्क भी क्रिएट किया जाता है।

# कुवैत के अमीर ने भंग की देश की संसद

### -राजनीतिक उठापटक के बीच सभी विभाग कंट्रोल में लिए, कहा-देश के लिए मुश्किल फैसला लिया



**कुवैत (एजेंसी)।** कुवैत के नए अमीर शेख मिशाल अल- अहमद-अल- सबा ने देश की संसद को भंग कर दिया है। अमीर ने एक टीवी चैनल को दिए अपने संबोधन में इस बात की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैं देश के लोकतंत्र के गलत इस्तेमाल की अनुमति नहीं दूंगा। इसके साथ ही उन्होंने चार सालों के लिए देश के सरकारी विभागों को अपने कंट्रोल में ले लिया है और कई कानूनों को भंग कर दिया है।

अप्रैल में नई संसद की नियुक्ति के बाद 13 मई को पहली बार संसद की बैठक होनी थी, लेकिन कई राजनेताओं ने सरकार में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया था। अमीर ने कहा कि सरकार बनाने में विफलता कुछ नेताओं के आदेशों और शर्तों नहीं मानने का परिणाम था। कुवैत के सरकारी टीवी के मुताबिक संसद भंग होने के बाद नेशनल असेंबली की सभी शक्तियां अमीर और देश की कैबिनेट के पास आ गई हैं। इससे पहले आखिरी बार फरवरी में देश की संसद भंग की गई थी, जिसके बाद अप्रैल में देश में चुनाव हुए थे।

### भ्रष्टाचार कुवैत की सबसे बड़ी समस्या

कुवैती अमीर ने कहा कि कुवैत इन दिनों कठिन समय से गुजर रहा है। इसके कारण देश को बचाने के लिए और लोगों को सुरक्षित करने के लिए हमे कुछ कड़े फैसले लेने पड़े हैं। उन्होंने कहा है कि पिछले कुछ सालों में राज्य के विभागों में भ्रष्टाचार बड़ी समस्या बनकर उभरा है। इससे कुवैत का माहौल खराब हुआ है। अमीर ने कहा है कि यह भ्रष्टाचार देश के सुरक्षा और आर्थिक संस्थानों तक पहुंच गया है। उन्होंने देश की न्याय प्रणाली में भी भ्रष्टाचार होने की बात कही है।

### राजनीतिक उठापटक में फंसा है कुवैत

कुवैत में भी अरब देशों का तरह शेख के नेतृत्व वाली राजशाही व्यवस्था है। लेकिन यहां की जनरल असेंबली अरब देशों के मुकाबले वहां की राजनीति में ज्यादा शक्तिशाली है। पिछले कुछ समय से कुवैत में घरेलू राजनीतिक संकट चल रहा है। देश की कैबिनेट और जनरल असेंबली के बीच कई मुद्दों पर टकराव है, जिस कारण से देश को नुकसान हुआ है। देश का वेलफेयर सिस्टम इसका बड़ा मुद्दा रहा है। इसके कारण कुवैत की सरकार कर्ज नहीं ले पा रही है। यही वजह है कि तेल से भारी मुनाफे के बावजूद सरकारी खजाने में कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं बचे हैं।

### 28 सालों में 12 बार कुवैत की संसद भंग हुई है

कतर की संसद में 50 सदस्य होते हैं, जिसका नेता प्रधानमंत्री होता है। ये सारे सदस्य निर्दलीय रूप से चुने जाते हैं, क्योंकि कुवैत में राजनीतिक पार्टियां पर प्रतिबंध है। इसके अलावा 16 सदस्यों की एक कैबिनेट होती है, जिसे पीएम खुद चुनते है। हालांकि प्रधानमंत्री का पद पर नियुक्ति कुवैत के अमीर ही करते है। और संसद पर भी उन्हीं की ही पकड़ होती है।वे जब चाहे संसद को भंग कर सकते हैं। हालांकि असेंबली भंग करने के 2 महीनों के अंदर ही चुनाव करवाने होते हैं। इससे पहले भी कुवैत की संसद कई बार भंग की जा चुकी है। 2006 से 2024 के बीच लगभग 12 बार कुवैत की जनरल असेंबली को भंग किया जा चुका है।

# धूप में कार से निकलते हैं कैंसर पर पैदा करने वाले रसायन

### -कार के अंदर बैठते ही आते है अजीब से गंध

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** क्या आपको मालूम है कि जब आप अपनी कार में सफर कर रहे होते हैं तो भी आपके स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा होता है। दरअसल जब लोग अपनी कार में होते हैं तो वे कैंसर पैदा करने वाले रसायनों में सांस लेते हैं। एक स्टडी के लिए शोधकर्ताओं ने 2015 और 2022 के बीच के 101 इलेक्ट्रिक, गैस और हाइब्रिड कारों की केबिन हवा का विश्लेषण किया। उन्होंने पाया कि 99 प्रतिशत कारों में एक रिटार्डेंट फ्लेम होती है जिसे टीसीआईपीपी कहा जाता है। जिसकी संभावित कैंसर कारक के रूप में यूएस नेशनल टॉक्सिकोलॉजी प्रोग्राम द्वारा जांच की जा रही है। अधिकांश कारों में दो और रिटार्डेंट फ्लेम टीडीसीआईपीपी और टीसीईपी भी होते हैं, जिन्हें कैंसरकारी माना जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार वैज्ञानिकों ने कहा कि इन रिटार्डेंट फ्लेम की वजह से न्यूरोलॉजिकल और प्रजनन संबंधी दिक्कतें भी पैदा होती हैं। ड्यूक विश्वविद्यालय के प्रमुख शोधकर्ता और विष विज्ञान वैज्ञानिक रेबेका होहेन ने कहा, 'यह ध्यान में रखते हुए कि औसत चालक हर दिन कार में लगभग एक घंटा बिताता है, यह एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा है।'

उन्होंने कहा, 'यह विशेष रूप से लंबी यात्रा करने वाले ड्राइवरों के साथ-साथ कम उम्र यात्रियों के लिए भी चिंताजनक है, जो वयस्कों की तुलना में सांस में अधिक हवा लेते हैं।÷ स्टडी में सामने आया है कि गर्मियों में जहरीले रिटार्डेंट फ्लेम का स्तर सबसे अधिक था, क्योंकि गर्मी से कार सामग्री से रसायनों का स्राव बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि केबिन की हवा में कैंसर पैदा करने वाले यौगिकों का स्रोत सीट फोम है। कार निर्माता सीट फोम और अन्य सामग्रियों में पुराने ज्वलनशीलता मानक को पूरा करने के लिए रसायनों को जोड़ते हैं, जिसमें कोई अग्नि-सुरक्षा लाभ नहीं होता है।' इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ फायर फाइटर्स के स्वास्थ्य, सुरक्षा और चिकित्सा के निदेशक पैट्रिक मॉरिसन ने कहा, ÷फायर फाइटर्स चिंतित हैं कि रिटार्डेंट फ्लेम कैंसर की उच्च दर में योगदान करते हैं। इन हानिकारक रसायनों के साथ उत्पादों को भरने से अधिकांश उपयोगों के लिए आग को रोकने में बहुत कम मदद मिलती है और इसके बजाय यह आग को पीड़ितों और विशेष रूप से प्रथम प्रतिक्रियाकर्ताओं के लिए अधिक धुंआदार और अधिक विषैला बना देता है।÷

उन्होंने कहा, 'मैं एनएचटीएसए (यूएस नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन) से अपने ज्वलनशीलता मानक को अपडेट करने का आग्रह करता हूं ताकि वाहनों के अंदर रिटार्डेंट फ्लेम केमिकल्स के बिना इसे पूरा किया जा सके।' स्टडी में, शोधकर्ताओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि ये जहरीले रिटार्डेंट फ्लेम वाहनों के अंदर कोई वास्तविक लाभ नहीं पहुंचाते हैं। स्टडी की लेखिका और ग्रीन साइंस पॉलिसी इंस्टीट्यूट की वरिष्ठ वैज्ञानिक लिडिया जाहल ने कहा कि लोग कार की खिड़कियां खोलकर और छाया में या गैरेज में पार्किंग करके जहरीले रिटार्डेंट फ्लेम के संपर्क में आने को कम करने में सफल हो सकते हैं।



# टाइटंस प्लेऑफ के लिए संभावनाएं बनाये रखने केकेआर पर जीत के इरादे से उतरेगी

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस टीम आईपीएम में सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को हराकर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बरकरार रखने के लिए उतरेगी। केकेआर टीम जहां प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम है। वहीं गुजरात को अपनी उम्मीदे बरकरार रखने बचे हुए अगले 2 मैच जीतने होंगे। गुजरात ने अपने पिछ्ले 5 मैचों में से 2 में जीत दर्ज की है। ऐसे में उसके लिए ये मुकाबला आसान नहीं रहेगा क्योंकि केकेआर जबरदस्त लय में है। उसके बल्लेबाज पर अंकुश लगाना गुजरात के लिए आसान नहीं रहेगा। गुजरात की बल्लेबाजी कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन, राहुल तेवतिया पर आधारित रहेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान मोहित शर्मा और स्पिनर राशिद खान के पास रहेगी।

केकेआर ने अपने 12 में से 9 मैच जीते हैं और अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर है। केकेआर ने लगातार 4 मैच जीते हैं।

गुजरात और कोलकाता ने अब तक एक-दूसरे के खिलाफ 3 आईपीएल मैच खेले हैं। इसमें से गुजरात ने 2 जीते हैं जबकि केकेआर ने 1 जीता है। केकेआर के खिलाफ गुजरात का अब तक का सबसे अधिक स्कोर 204 है। वहीं केकेआर का 207 रन है। केकेआर के पास सुनील नरेन, फिलिप साल्ट और अंगकृष रघुवंशी जैसे आक्रामक बल्लेबाजों के अलावा मिशेल स्टार्क और वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिनर हैं। ऐसे में ये मुकाबला बेहद मुश्किल नजर आता है।

अंतिम बार जब इनका मुकाबला हुआ था तब गुजरात ने जोशुआ लिटिल के 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट लेने लेकर प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड जीता था। गुजरात ने यह मैच 7 विकेट से जीत लिया।




अहमदाबाद की पिच बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को बराबर अवसर प्रदान करती है। इस मैदान पर खेले गये पिछ्ले मुकाबले में काफी रन बने थे। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 231 रन बनाये थे। तब सलामी बल्लेबाजों शुभमन गिल और साई सुदर्शन दोनो ने शतक लगाये थे।

### टीम

**केकेआर**-श्रेयस अय्यर (कप्तान), श्रीकर भरत, मनीष पांडे, रहमानुल्लाह गुरबाज, रमनदीप सिंह, नितीश राणा, शेरफेन रदरफोर्ड, रिंकू सिंह, वेंकटेश अय्यर, सुनील नरेन, अनुकूल रॉय, आंद्रे रसेल, वैभव अरोड़ा, दुष्मंथा चमीरा, हर्षित राणा, मुजीब उर रहमान, चेतन सकारिया, मिशेल स्टार्क, सुयश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, साकिब हुसैन, अंगकृष रघुवंशी, फिलिप साल्ट।

**गुजरात टाइटंस**-शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुतार।

# दीक्षा ने महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ट्रैक एथलीट के एम दीक्षा ने लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ट्रैक महोत्सव में महिलाओं की 1500 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जबकि अविनाश साबले पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे। दीक्षा ने शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में 4 मिनट 4.78 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया।

इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने हरमिलन बैंस का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2021 में वारंगल में राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4 मिनट 5.39 सेकंड के समय के साथ रिकॉर्ड बनाया था। उत्तर प्रदेश के अमरोहा के रहने वाली दीक्षा का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4 मिनट 6.07 सेकंड था जो उन्होंने 2023 में भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में हासिल किया था।

महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में पारूल चौधरी 15 मिनट 10.69 सेकंड का समय लेकर पांचवें स्थान पर रही जबकि अंकिता ने इसी स्पर्धा में 15 मिनट 28.88 सेकंड का समय लेकर दसवां स्थान हासिल किया। साबले ने पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में 13 मिनट 20.37 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया।

इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी गुलवीर सिंह ने 13 मिनट 31.95 सेकंड में दौड़ पूरी की। साबले का 5000 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13 मिनट 19.30 सेकंड है। कार्तिक कुमार ने पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में 28 मिनट 7.66 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया।

# अब रणजी ट्रॉफी का आयोजन दो सत्र में करेगा बीसीसीआई !

### -सीके नायडू ट्रॉफी का आयोजन एक नई अंक प्रणाली से

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब घरेलू टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी का आयोजन दो भागों में करने पर विचार कर रहा है। इसका आयोजन 2024-25 सत्र में सफेद गेंद वाले टी20 टूर्नामेंटों सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी से पहले और फिर इन टूर्नामेंट के बाद किया जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार 2024-25 सत्र के लिए घरेलू क्रिकेट कैलेंडर के पुनर्गठन का एक प्रस्ताव बोर्ड की शीर्ष परिषद को भी भेज दिया गया है। यह प्रस्ताव बीसीसीआई सचिव जय शाह, भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के परामर्श के बाद बनाया गया है। इसमें एक अन्य प्रस्ताव सीके नायडू ट्रॉफी के लिए टॉस को समाप्त करने का भी है। अब इसका जिसका आयोजन एक नई अंक प्रणाली के साथ होगा। रणजी ट्रॉफी के नए प्रस्तावित प्रारूप में लीग चरण के आयोजन के बाद सफेद गेंद के टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी होगी। वहीं शेष दो रणजी लीग मैच और नॉकआउट चरण के मुकाबले सीमित ओवरों के टूर्नामेंट के बाद रखे जाएंगे। ये इसलिए किया गया है क्योंकि सर्दियों के महीनों में देश के उत्तरी हिस्से में मौसम खराब रहता है जिससे भी खिलाड़ियों को परेशानी आती है। बोर्ड का लक्ष्य चुनौतियों से निपटने के साथ-साथ मैचों के बीच अंतराल रखन भी है। बीसीसीआई का मानना है कि पिछ्ले सत्र की रणजी ट्रॉफी के दौरान दो मैचों के बीच केवल तीन दिन का अंतराल था। इन तीन दिनो में काफी समय यात्राओं में चला गया। ऐसे में खिलाड़ियों को आराम करने और तरोताजा होने का भी समय नहीं मिला। शाह ने कहा कि खिलाड़ियों को तरोताजा होने के लिए पर्याप्त समय देने और पूरे सत्र में शीर्ष प्रदर्शन बनाए रखने के लिए मैचों के बीच अंतर रखा जाएगा। घरेलू सत्र दलीप ट्रॉफी के साथ शुरू होगा, जिसमें राष्ट्रीय चयनकर्ताओं द्वारा चुनी जाने वाली 4 टीमें शामिल होंगी। ईरानी कप दिलीप ट्रॉफी के बाद होगा जिसके बाद रणजी ट्रॉफी के पहले चरण को आयोजित किया जाएगा। सीके नायडू ट्रॉफी में सिक्के से टॉस की प्रणाली को खत्म किया जाएगा और मेहमान टीम के पास पहले बल्लेबाजी या गेंदबाजी का विकल्प चुनने का अवसर रहेगा।।

# चेन्नई ने राजस्थान को हराया, 5 विकेट से जीता मैच

**चेन्नई (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के 61वां मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने 5 विकेट से जीत दर्ज करते हुए प्लेऑफ की राह को मुश्किल होने से बचा लिया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की धीमी पारी (41 गेंदों पर 42 रन, एक चौका, 2 छक्के) और साथी खिलाड़ियों की बदौलत 18.2 ओवर में 5 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। इससे पहले तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह (26 रन देकर तीन विकेट) के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की अनुशासित गेंदबाजी से राजस्थान रॉयल्स की टीम रविवार को यहां धीमी पिच पर पांच विकेट पर 141 रन का स्कोर ही बना सकी। राजस्थान रॉयल्स के लिए फॉर्म में चल रहे रियान पराग धीमे विकेट पर 35 गेंद में नाबाद 47 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। सीएसके ने 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 5 विकेट से मैच जीत लिया है।



सीएसके ने सत्र का 11वां टॉस गंवाया। किसी भी टीम का एक चरण में यह सबसे ज्यादा टॉस गंवाने का रिकॉर्ड है। बल्लेबाजी करने उतरे राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाजों ने तुषार देशपांडे और महेश तीक्ष्णा के खिलाफ शुरूआती दो ओवरों में सतर्क शुरुआत की। पारी का पहला चौका तीसरे ओवर में लगा। राजस्थान के खिलाड़ियों ने पावरपले में एक छक्के सहित केवल छह बाउंड्री लगायी। यशस्वी जायसवाल (21 गेंद में 24 रन) ने यह छक्का लगाया। इससे साफ दिख रहा था कि पिच शायद हिट लगाने के मुफीद नहीं थी।

राजस्थान रॉयल्स ने पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 42 रन बनाए। 26 साल के सिमरजीत सिंह ने अगले ही ओवर में जायसवाल को आउट करके मेजबान टीम को पहला झटका दिया। सीएसके ने फिर अगले ओवर में स्पिनर रविंद्र जडेजा को गेंदबाजी पर लगाया। लेकिन दूसरा झटका भी सिमरजीत ने ही दिया। नौवें ओवर में जोस बटलर (25 गेंद, 21 रन) डीप फाइन लेग में शॉट लगाने की कोशिश में देशपांडे को कैच दे बैठे। अब स्कोर दो विकेट पर 49 रन था। पराग और कप्तान संजू सैमसन (19 गेंद, 15 रन) अब क्रीज पर थे। पराग को 12वें ओवर में जीवनदान मिला, तब वह 15 रन पर खेल रहे थे। तीक्ष्णा ने उनका कैच छोड़ दिया था।

सैमसन रन गति बढ़ाने में विफल रहे और सिमरजीत ने उनके रूप में अपना तीसरा विकेट हासिल किया। इस तरह सैमसन और पराग के बीच 42 रन की साझेदारी खत्म हुई। 16वें ओवर के बाद स्कोर तीन विकेट पर 103 रन था। पराग और ध्रुव जुरेल (18 गेंद, 28 रन) ने 17वें ओवर से स्वच्छंदता से खेलने की कोशिश की, लेकिन पिच धीमी होती जा रही थी। अंतिम चार ओवर में सिमरजीत, देशपांडे और शार्दुल ठाकुर ने गेंदबाजी की। पराग जब 36 रन पर थे, उन्हें 19वे ओवर में एक और जीवनदान मिला। समीर रिज्वी उनका कैच छोड़ बैठे। देशपांडे ने अंतिम ओवर में जुरेल और शुभम दुबे को लगातार गेंदों पर आउट किया। सीएसके के लिए सिमरजीत स्टार रहे जबकि जडेजा ने सबसे किफायती गेंदबाजी की।

# बुमराह अब सबसे ज्यादा विकेट लेने गेंदबाजों की सूची में 9वें स्थान पर पहुंचे, मलिंगा की बराबरी पर आये

कोलकाता । मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मुकाबले में एक अहम उपलब्धि हासिल की है। बुमराह ने बारिश से प्रभावित इस मैच में पहली ही गेंद पर कोलकाता के सलामी बल्लेबाज सुनील नरेन को आउट कर दिया। इसी के साथ बुमराह एक आईपीएल सत्र में 20 या उससे अधिक विकेट लेने के मामले में श्रीलंका के अनुभवी खिलाड़ी लसिथ मलिंगा की भी बराबरी पर आ गये हैं। साल 2013 में डैब्यू करने वाले बुमराह ने केवल 11 साल में 4 बार एक सत्र में 20 या इससे ज्यादा विकेट लिए हैं। इस सूची में भारत के ही स्पिनर यजुवेन्द्र चहल पहले नंबर पर हैं जिन्होंने पांच बार यह रिकार्ड अपने नाम किया था। बुमराह अब सबसे ज्यादा विकेट लेने गेंदबाजों की सूची में 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके नाम अब 133 मैचों में 165 विकेट हैं। इस सूची में अभी भी चहल पहले नंबर पर हैं उनके नाम 156 मैचों में 201 विकेट हैं। इसके बाद पीयूष चावला के नाम 191 मैचों में 189 विकेट हैं। वहीं तीसरे स्थान पर 183 विकेट के साथ डीजे ब्रावो, चौथे पर 181 विकेट के साथ भुवनेश्वर कुमार तो पांचवें नंबर पर 177 विकेट के साथ नरेन हैं।

# टी20 क्रिकेट सबसे अधिक बार शून्य पर आउट होने वाले खिलाड़ी बने नरेन



कोलकाता। कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के आक्रामक ऑलराउंडर सुनील नरेन मुम्बई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में पहली ही गेंद पर बोल्ड हो गये। इसी के साथ ही एक अनचाहा रिकार्ड भी नरेन के नाम पर जुड़ गया। नरेन टी20 क्रिकेट में सबसे अधिक 44वीं बार खाता खोल बिना ही आउट हुए हैं। इस प्रकार टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक बार शून्य पर आउट होने का शर्मनाक रिकॉर्ड अब नरेन के नाम जुड़ गया है। इससे पहले ये रिकार्ड इंग्लैंड के पूर्व ओपनर एलेक्स हेल्स के नाम था। हेल्स टी20 क्रिकेट में कुल 43 बार शून्य पर आउट हुए थे। नरेन को बुमराह ने केकेआर की पारी के दूसरे ओवर की पहली गेंद पर ही पेवेलियन भेज दिया। आईपीएल में अब नरेन 16वीं बार शून्य पर आउट हुए हैं। इसी के साथ ही वह आईपीएल में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले पीयूष चावला के साथ ज्वाइंट रूप से दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इस सूची में दिनेश कार्तिक, ग्लेन मैक्सवेल और रोहित शर्मा संयुक्त रुप से पहले नंबर पर हैं। नरेन टी20 क्रिकेट में सबसे अधिक बार शून्य पर आउट होने वाले बल्लेबाज हैं। इस लिस्ट में सुनील नरेन और एलेक्स हेल्स के बाद तीसरे नंबर पर अफगानिस्तान के राशिद खान हैं जो 42 बार खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये। आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग 32 और ग्लेन मैक्सवेल व जेसन रॉय 31 बार शून्य पर आउट हुए हैं।

# पहलवान अमन सहरावत ने भारत को पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया, दीपक पूनिया बाहर

**इस्तांबुल (एजेंसी)।** अमन सहरावत ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया, लेकिन दीपक पूनिया शनिवार को यहां विश्व क्वालीफायर में पहले दौर में करारी हार के बाद क्वालीफिकेशन दौड़ से बाहर हो गए। अंडर-23 विश्व चैम्पियन और सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप विजेता अमन से 57 किग्रा में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद थी और इस 20 साल के पहलवान ने भी निराश नहीं किया। उन्होंने भारत को शर्मसार होने से बचाया भी, क्योंकि इससे पहले किसी पुरुष पहलवान ने पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल नहीं किया था। छत्रसाल स्टेडियम में ट्रेनिंग करने वाले अमन ने अपने तीनों मुकाबलो में दोहरे अंक के स्कोर से जीत हासिल की जिसमें से दो तकनीकी श्रेष्ठता वाली जीत रहीं।

यूक्रेन के एंड्री यातसेंको को हराने से पहले उन्होंने जॉजी वालेनतिनोव को 10-4 से मात दी। यातसेंको ने भारतीय पहलवान को चुनौती दी लेकिन अमन उनके लिए काफी मजबूत साबित हुए। अमन ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 'टेक डाउन' के बाद तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। उन्होंने सेमीफाइनल में उत्तर कोरिया के चोंगसोंग हान को 12-2 के अंतर से पराजित किया। सुजीत कलकल ने 65 किग्रा में उज्बेकिस्तान के उमिदजोन जलोलोव के खिलाफ 3-2 से जीत दर्ज की और इसके बाद कोरिया के जुनसिक युन को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया।

सुजीत ने क्वार्टरफाइनल में कनाडा के लाचलान मौरिस को 10-0 से मात देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन वह एशियाई खेलों के चैम्पियन और एशियाई चैम्पियनशिप के रजत पदकविजेता मंगोलिया के तुल्गा तुमुर ओचिर से 1-6 से हार गये। अब उन्हें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए दो मुकाबले जीतने होंगे। तोक्यो ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूके पूनिया (86 किग्रा) पहले मुकाबले में चीन के ताकतवर जुशेन लिन पर बढ़त लेने के बावजूद 4-6 से हार गए। भारतीय टीम में सबसे अनुभवी पहलवान पूनिया पहले पीरियड में 3-0 से बढ़त बनाये थे।




चीन के पहलवान ने वापसी करते हुए स्कोर 4-3 कर दिया और अंत में जीत दर्ज करने में सफल रहे। जयदीप अहलावत ने 74 किग्रा में1-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मोल्दोवा के वासिल डायकॉन के खिलाफ 5-3 से जीत हासिल की और प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। फिर उन्होंने ऑस्ट्रिया के साइमन मार्चल के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की लेकिन क्वार्टरफाइनल में स्लोवाकिया के तैमुराज साल्काजानोव से 0-3 से हार गये। वह हालांकि दौड़ में बने हुए हैं। अगर स्लोवाकियाई पहलवान फाइनल में पहुंच जाता है तो उसे रेपेशाज के जरिये एक मौका मिलेगा। इससे पहले दिन में दीपक (97 किग्रा) और अनुभवी सुमित मलिक (125 किग्रा) अपने पहले दौर के मुकाबले हार गए।

# पाकिस्तान को पस्त कर जापान ने जीता अजलान शाह कप



इपोह (मलेशिया) । जापान ने पेनल्टी शूटआउट में पाकिस्तान को 4-1 से हराकर सुल्तान अजलान शाह हॉकी कप जीत लिया है। शनिवार को खेले गए फाइनल में निर्धारित समय तक दोनो टीमें दो दो गोल कर बराबरी पर रही जिसके बाद निर्णय शूटआउट में किया गया। जापान ने रयोमा ओका ने शूटआउट में बढ़त बना ली, जबकि उनके साथियों ने लय को बरकरार रखते हुये अन्य तीन गोल किए। इस बीच, पाकिस्तान पहले दो मौकों में चूक गया जबकि अम्माद बट ने तीसरे प्रयास में गेंद को नेट में डाल दिया। इससे पहले, तीसरे क्वार्टर में पाकिस्तान के दो गोल करने के बाद जापान ने वापसी करते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया। काज़ुमासा मात्सुमोतो ने 47वें मिनट में दूसरा गोल किया। तीसरे क्वार्टर के 34वें मिनट में अजाज अहमद ने और 37वें मिनट में अब्दुल रहमान ने गोल किया। इससे पहले सेरेन तनाका ने 12वें मिनट में जापान के लिए पहला गोल किया और बढ़त हासिल की। गौरतलब है कि पाकिस्तान ने 13 साल में पहली बार फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। सुल्तान अजलान शाह कप 2024 में शुक्रवार को राउंड मैचों का समापन हुआ था, जिसमें जापान और पाकिस्तान अंक तालिका में शीर्ष दो टीमों के रूप में रहे। जापान 13 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा। उसने 4 मैच जीते और केवल एक ड्रा खेला जबकि पाकिस्तान 11 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

# सहवाग ने मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों को लगायी फटकार, अच्छी स्पिन गेंदों का सम्मान करें

नई दिल्ली । पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मुम्बई इंडियंस को मिली करार हार के बाद रोहित शर्मा सहित उसके बल्लेबाजों को कड़ी फटकार लगायी है। केकेआर के खिलाफ मैच में मुम्बई के बल्लेबाज स्पिनरों का सामना नहीं कर पाये और एक के बाद एक पेवेलियन लौट गये। सहवाग ने इसी को लेकर मुम्बई के बल्लेबाजों से कहा कि अच्छी स्पिन गेंदों का सम्मान करना उन्हें सीखना होगा। जिससे वह कमजोर गेंदों पर रन बना सकें। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों को बल्लेबाजी के लिए आने से पहले ही किसी भी प्रकार के अहंकार को पीछे छोड़ देना चाहिए। सहवाग ने कहा कि जिस प्रकार रोहित ने अपना विकेट खोया उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। सहवाग ने कहा कि अगर एक बल्लेबाज गेंदबाज का सम्मान नहीं कर सकता तो उसे अच्छी गेंद का सम्मान करना चाहिए। सहवाग ने इसी प्रकार सूर्यकुमार यादव पर भी निशाना साध। सहवाग ने कहा कि अगर रोहित और सूर्यकुमार अच्छी गेंदों को रोकने में सफल रहे होते, तो वे जम सकते थे और मुंबई इंडियंस के लिए मुकाबला जीत सकते थे। सहवाग ने कहा, जो कोई भी अच्छी गेंदबाजी करता है, बस उसे खेलो। अगर दो विकेट नहीं गिरे होते तो रोहित और सूर्यकुमार एक ओवर पहले ही मैच खत्म कर सकते थे। वैभव अरोड़ा, मिशेल स्टार्क, आंद्रे रसेल और हर्षित राणा को वैसे भी गेंदबाजी करनी थी। अगर उन्होंने स्पिनरों को खेला होता और विकेट नहीं गंवाए होते तो वे मैच जीत जाते। रोहित इस मैच में 24 गेंद में 19 रन बनाकर वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर सुनील नरेन के हाथों कैच हो गये। उन्होंने कहा जिस गेंद पर रोहित शर्मा आउट हुए वह कमजोर गेंद नहीं थी। इसमें कोई संदेह नहीं कि रोहित और सूर्यकुमार महान खिलाड़ी हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह अच्छी गेंदें पर भी शॉट लगायें।

# आईपीएल 2024 के बाद चार खिलाड़ियों की कप्तानी से होगी विदाई !

### -2025 के मेगा ऑक्शन से पहले फेंचाइजी ले सकती हैं कड़ा फैसला

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल प्रीमियर लीग 2024 एक अलग लेवल पर खेला जा रहा है। इस आईपीएम में पहली बार तीन बड़े खिलाड़ी एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा कप्तानी से बाहर हुए हैं। वहीं तो दूसरी ओर आईपीएल 2025 से पहले मेगा ऑक्शन होगा। अगले 10 सालों के लिए आईपीएल की टीमें अपने-अपने प्लान पर काम शुरू कर चुकी हैं। इस लीग में जहां पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं तो कुछ टीमें ऐसी हैं, जो बॉर्डर पर खड़ी हैं। इस बीच सनराइजर्स हैदराबाद से शर्मनाक हार के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल को टीम के मालिक संजीव गोयनका के गुस्से का शिकार होना पड़ा है।

मैच खत्म होने के बाद टीम के मालिक गोयनका द्वारा मैदान पर सरेआम केएल राहुल को डांट खाते देख जहां क्रिकेटर और फैंस नाराज हो गए हैं तो दूसरी ओर खबरे आ रही है कि उनकी कप्तानी से विकेटकीपर बल्लेबाज की विदाई तय है। संभव है कि अगले मैच से पहले ही इस पर फैसला लिया जा सकता है। संभव है कि इस सीजन के दौरान या खत्म होते ही केएल राहुल का पत्ता कट जाएगा। उनके अलावा भी कई टीमें हैं, जो समय का इंतजार कर रही हैं। जैसे ही सीजन खत्म होगा वह भी अपने अगले प्लान पर काम शुरू कर देंगी।

टीम के मालिक संजीव गोयनका का कप्तान केएल राहुल को गुस्से में डांटने का वीडियो जब से वायरल हुआ है उसके बाद से फैंस मांग कर हैं कि केएल राहुल को टीम और कप्तानी दोनों छोड़ देना चाहिए। इस बीच मीडिया में यह भी दावा किया गया कि इसी सीजन अगले मैच से पहले लखनऊ सुपरजायंट्स की कप्तानी में बदलाव हो सकता है। ऐसी भी संभावना है कि केएल राहुल को टीम आईपीएल 2025 के लिए होने वाले मेगा ऑक्शन से पहले बाहर कर दे।

मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 से पहले तक एक ऐसी टीम मानी जाती थी, जो प्लेयर में विश्वास रखती थी। रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाने के बाद हार्दिक पंड्या को कप्तानी सौंपी, लेकिन इससे मुंबई इंडियंस से फैंस नाराज हुए, बल्कि खिलाड़यों में भी तालमेल नहीं दिखा। ऐसी भी खबरें आईं कि हार्दिक की कप्तानी से टीम के लोग खुश नहीं हैं। अब टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है तो हो सकता है कि मुंबई के मालिक हार्दिक पंड्या पर फिर से विचार करें। दिलचस्प यह होगा कि फ्रेंचाइजी का अगला कदम क्या होगा।

फाफ डु प्लेसिस चेन्नई सुपर किंग्स से जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पहुंचे तो उन्हें विराट कोहली की जगह कप्तान बनाया, लेकिन इससे टीम में कोई सुधार नहीं आया है। टीम आज भी पहले आईपीएल खिताब के लिए जूझ रही है,



जबकि फाफ डु प्लेसिस के हमउम्र के एबी डिविलियर्स रिटायर हो चुके हैं। अब जबकि टीम को अगले 10 साल के लिए एक मजबूत टीम बनाना है तो अगले कप्तान के रूप में टीम किसी और को आजमाएगी। अगले आईपीएल मेगा ऑक्शन से पहले इस पर कोई फैसला लिया जा सकता है।

शिखर धवन जब आईपीएल 2024 में आए तो उनकी फॉर्म बहुत अच्छी थी। उन्होंने दिल्ली के खिलाफ 22, बेंगलुरु के खिलाफ 45 और लखनऊ के खिलाफ 70 के बाद गुजरात और हैदराबाद के खिलाफ क्रमशः 1 और 14 रन की पारी खेली। यहां शिखर धवन चोटिल हो गए और उसके बाद नहीं खेल पाए। इस बीच पंजाब किंग्स रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शर्मनाक हार के बाद प्रीति जिंटा की टीम पंजाब प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। इस दौरान सैम करन कप्तानी कर रहे थे। फ्रेंचाइजी शिखर धवन को लेकर भी फैसला ले सकती है।

# चालू वित्त वर्ष में अडाणी एंटरप्राइजेज 80,000 करोड़ का निवेश करेगी

**- पूंजीगत व्यय का एक बड़ा हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा कारोबार और हवाई अड्डों पर होगा**

नई दिल्ली ।

अरबपति उद्योगपति गौतम अडाणी की अगुवाई वाले अडाणी समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में विभिन्न कारोबार क्षेत्रों में 80,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ कार्यकारी ने यह जानकारी दी। अडाणी एंटरप्राइजेज की उपस्थिति नवीकरणीय ऊर्जा से लेकर हवाई अड्डा और डाटा केंद्रों जैसे क्षेत्रों में है।

कंपनी के एक अधिकारी ने एक विश्लेषक कॉल में कहा कि कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 के पूंजीगत व्यय का एक बड़ा हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा कारोबार और हवाई अड्डों पर होगा। उन्होंने कहा कि हम 2024-25 में लगभग 80,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय पर विचार कर रहे हैं। जिसमें से एक बड़ा हिस्सा एएनआईएल और हवाई अड्डा कारोबार में जाएगा। इन क्षेत्रों में लगभग 50,000 करोड़ रुपये का व्यय होगा। अडाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) सौर मॉड्यूल बनाती है जो सूर्य के प्रकाश को बिजली और हरित हाइड्रोजन में परिवर्तित करता है। उन्होंने कहा`कि फिर तीसरा हिस्सा सड़कों का होगा। गंगा एक्सप्रेसवे के कारण सड़क क्षेत्र में 12,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। शेष राशि अन्य कारोबार क्षेत्रों पर खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम अपनी पीवीसी परियोजना भी शुरू करने जा रहे हैं। ऐसे में पीवीसी कारोबार में 10,000 करोड़ रुपये लगाए जाएंगे।

शेष 5,000 करोड़ रुपये डाटा केंद्रों पर खर्च होंगे। उन्होने कहा कि एएनआईएल 10 गीगावाट सौर मॉड्यूल के साथ-साथ तीन गीगावाट पवन टर्बाइन का उत्पादन करने के लिए कारखानों को लक्षित कर रहा है।

## सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से छह कंपनियों का मार्केट कैप 1.73 लाख करोड़ घटा

**- एचडीएफसी बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम सबसे अधिक नुकसान में रहीं**

नई दिल्ली ।

बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,73,097.59 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 60,678.26 करोड़ रुपये घटकर 10,93,026.58 करोड़ रुपये, एलआईसी के बाजार पूंजीकरण में 43,168.1 करोड़ घटकर 5,76,049.17 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 36,094.96 करोड़ रुपये घटकर 19,04,643.44 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 17,567.94 करोड़ रुपये घटकर 7,84,833.83 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 11,780.49 करोड़ रुपये घटकर 7,30,345.62 करोड़ रुपये और आईटीसी के मूल्यांकन में 3,807.84 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,40,838.13 करोड़ रुपये रह गया। इस रुख के`विपरीत हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 33,270.22 करोड़ रुपये बढ़कर 5,53,822.16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने सप्ताह के दौरान 20,442.2 करोड़ रुपये जोड़े और इसकी बाजार हैसियत बढ़कर 14,09,552.63 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 14,653.98 करोड़ रुपये बढ़कर 7,38,424.68 करोड़ रुपये पर और इन्फोसिस का मूल्यांकन 3,611.26 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,91,560.88 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 449 परियोजनाओं की लागत 5.01 लाख करोड़ बढ़ी

**- इन 1,873 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 26,87,535.69 करोड़ रुपये थी**



नई दिल्ली।

देरी और अन्य कारणों से बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 449 परियोजनाओं की लागत मार्च, 2024 में तय अनुमान से 5.01 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मार्च, 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,873 परियोजनाओं में से 449 की लागत बढ़ गई है, जबकि 779 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार इन 1,873 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 26,87,535.69 करोड़ रुपये थी लेकिन अब इसके बढ़कर 31,88,859.02 करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 18.65 प्रतिशत यानी 5,01,323.33 करोड़ रुपये बढ़ गई है। हालांकि, मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 567 पर आ जाएगी। रिपोर्ट में 393 परियोजनाओं के चालू होने के समय का जिक्र नहीं किया गया है। देरी से चल रही 779 परियोजनाओं में से 202 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने, 181 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 277 परियोजनाएं 25 से 60 महीने और 119 परियोजनाएं 60 महीने से अधिक की देरी से चल रही हैं। इन 779 परियोजनाओं में विलंब का औसत 36.04 महीने है। इन परियोजनाओं में देरी के कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण और वन विभाग की मंजूरियां मिलने में देरी और बुनियादी संरचना की कमी प्रमुख है। इसके अलावा परियोजना का वित्तपोषण, विस्तृत अभियांत्रिकी को मूर्त रूप दिए जाने में विलंब, परियोजना की संभावनाओं में बदलाव, निविदा प्रक्रिया में देरी, ठेके देने व उपकरण मंगाने में देरी, कानूनी व अन्य दिक्कतें, अप्रत्याशित भू-परिवर्तन आदि की वजह से भी इन परियोजनाओं में विलंब हुआ है।

## पेटीएम के शेयर में लगातार दो सत्रों में तेजी रही

नई दिल्ली । पेटीएम (वन97 कम्युनिकेशन) के शेयर लगातार 2 सत्रों में तेजी के बाद 13 फीसदी की बढ़त के साथ 349 रुपये के स्तर पर पहुंच गए। शुक्रवार को पेटीएम 5 फीसदी के अपर सर्किट पर बंद हुआ। गुरुवार और शुक्रवार को शेयर 12.9 फीसदी चढ़ा। उससे पहले यह अपने 52 हफ्तों के लो 310 रुपये पर था। पेटीएम के शेयरों में तेजी की वजह उनके द्वारा किया गया एक खबर का खंडन था। दरअसल, ऐसी खबरें थी कि आदित्य बिड़ला फाइनेंस ने पेटीएम से लोन गारंटी वापस ले ली है। इसका पेटीएम ने खंडन कर दिया जिसके बाद शेयरों में तेजी दिखने लगी। पेटीएम का कहना था कि वह कई बैंकों और एनबीएफसी के साथ मिलकर काम कर रही है और लोन देने का काम जारी है। कंपनी ने कहा है कि उनका पर्सनल लोन बिजनेस बिलकुल बाधित नहीं है और प्रभावी ढंग से काम कर रहा है। ब्रोकरेज के अनुसार, यह शेयर अगर 360 के लेवल को पार करता है तो आगे 400 रुपये के स्तर तक जा सकता है। अगर ऐसा नहीं होता तो यह और नीचे जा सकता है। पिछले साल अक्टूबर में पेटीएम के शेयर 998.30 रुपये पर पहुंच गए थे। यह इनका 52 हफ्तों का उच्च स्तर था।




# एफपीआई ने मई में शेयरों से 17,000 करोड़ निकाले

**- पिछले अप्रैल महीने में एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये की निकासी की थी**

नई दिल्ली ।

चालू माह मई के पहले 10 दिन में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजारों से 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। आम चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच ऊंचे मूल्यांकन और मुनाफा काटने के लिए विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजारों से पैसा निकाल रहे हैं। इससे पहले पिछले अप्रैल महीने मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने की वजह से एफपीआई ने शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये की निकासी की थी। इस तरह चालू माह के पहले 10 दिन में ही एफपीआई अप्रैल से अधिक की निकासी कर चुके हैं।

इससे पहले एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। माना जा रहा है कि आम चुनाव के बाद भारतीय कंपनियों के मजबूत वित्तीय नतीजों की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में निवेश बढ़ाएंगे।

बाजार के जानकारों ने कहा कि चुनाव परिणाम स्पष्ट होने तक एफपीआई सतर्क रुख अपना सकते हैं, लेकिन नतीजे अनुकूल रहने और राजनीतिक स्थिरता की स्थिति में वे भारतीय बाजारों में बड़ा निवेश कर सकते हैं।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने 10 मई तक शेयरों से 17,083 करोड़ रुपये निकाले हैं। चुनाव नतीजों से पहले वे बाजार में आने से कतरा रहे हैं। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने शेयरों के अलावा ऋण या बॉन्ड बाजार से भी 1,602 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले एफपीआई ने मार्च में बॉन्ड बाजार में 13,602 करोड़ रुपये, फरवरी में 22,419 करोड़ रुपये और जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये का निवेश किया था। कुल मिलाकर 2024 में अब तक एफपीआई शेयरों से 14,860 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं।

हालांकि उन्होंने ऋण या बॉन्ड बाजार में 14,307 करोड़ रुपये डाले हैं।

## गोल्ड ईटीएफ से निवेशकों ने अप्रैल में 396 करोड़ निकाले

नई दिल्ली । गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से पिछले महीने अप्रैल में 396 करोड़ रुपये की निकासी की है। निवेशकों के मुनाफा कमाने की वजह से यह निकासी हुई है। इससे पहले मार्च, 2023 में निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ से निकासी की थी। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार इस निकासी के बावजूद अप्रैल के ओ खिरी में स्वर्ण कोषों के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) पांच प्रतिशत बढ़कर 32,789 करोड़ रुपये हो गईं, जो पिछले महीने में 31,224 करोड़ रुपये पर थीं। आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में गोल्ड ईटीएफ से 396 करोड़ रुपये की निकासी हुई, जबकि पिछले महीने में इसमें 373 करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ था। आखिरी बार इस परिसंपत्ति वर्ग से निकासी मार्च, 2023 में हुई थी। उस समय गोल्ड ईटीएफ से 266 करोड़ रुपये निकाले गए थे। बाजार विश्लेषकों ने कहा` कि भारतीय रुपये के संदर्भ में सोने ने पिछले वर्ष काफी अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन शेयरों से तुलना की जाए, यह काफी कम है। इस पृष्ठभूमि में गोल्ड ईटीएफ श्रेणी में प्रवाह शेयरों की तुलना में कमजोर रहा है।



## सरकार बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदेगी

नई दिल्ली । उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सामान्य उपलब्धता, स्थिर कीमतों और सर्दियों की फसल से 1.91 लाख टन होने वाले मजबूत उत्पादन का हवाला देते हुए कहा कि सरकार को प्याज की दरें बढ़ने की उम्मीद नहीं है। अक्सर प्याज के दाम देखते ही देखते आसमान छूने लगते हैं। लेकिन चुनाव नजदीक देख सरकार ऐसा नहीं होने देना चाहती। इसलिए सरकार ने इस साल अपने बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने की योजना बनाई है। इसका इस्तेमाल कीमतें बढ़ने की स्थिति में उन्हें काबू करने के लिए किया जा सकता है। इसी को लेकर सरकार ने किसानों से प्याज खरीदना शुरू कर दिया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार ने कीमतों में वृद्धि होने पर आपूर्ति बढ़ाने के लिए 2024-25 के लिए पांच लाख टन का बफर स्टॉक बनाने के लिए बाजार दरों पर किसानों से प्याज खरीदना शुरू कर दिया है। यदि प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी होती है तो बफर सरकार को बाजारों में हस्तक्षेप करने की इजाजत देगा। खासकर तब जब सरकार ने पिछले सप्ताह प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाने का एलान कर दिया है। गौरतलब है, देश में चल रहे लोकसभा चुनावों के बीच सरकार ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाने का फैसला लिया, लेकिन साथ न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन तय किया है। इसके साथ ही प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क भी लगा दिया है। पिछले साल अगस्त में भारत ने 31 दिसंबर, 2023 तक प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया था। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सामान्य उपलब्धता, स्थिर कीमतों और सर्दियों की फसल से 1.91 लाख टन होने वाले मजबूत उत्पादन का हवाला देते हुए कहा कि सरकार को मुक्त निर्यात के कारण प्याज की दरें बढ़ने की उम्मीद नहीं है।

## सोने में बढ़ोतरी का रुख जारी रहेगा

नई दिल्ली। सोने-चांदी की कीमतों में अभी तेजी देखी जा रही है। अक्षय तृतीया से पहले तेजी देखने को मिली थी। अक्षय तृतीया के दिन भी सोना-चांदी उछाल के साथ खुले थे। सोना-चांदी महंगे हुए थे।` इस दौरान सोने की कीमत 71 हजार रुपये के ऊपर निकल गई थी। एमसीएक्स एक्सचेंज पर बीते शुक्रवार को 5 जून 2024 की डिलीवरी वाला सोना सुबह 526 रुपये की तेजी के साथ 72,165 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुक्रवार को 5 जुलाई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी सुबह 585 रुपये बढ़कर 85,085 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। हालांकि इससे पहले सोने में काफी गिरावट रही थी। विशेषज्ञों के मुताबिक अभी सोने में बढ़ोतरी का रुख जारी रहेगा। क्योंकि अमेरिका का रिजर्व बैंक ब्याज दर कम करने वाला है जिससे डॉलर कमजोर होगा। इससे सोने के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। वहीं सोना विदेशी मुद्रा भंडार का हिस्सा होता है और वैश्विक भू-राजनीतिक स्थितियों से पिछले कुछ सालों से करेंसी में उतार-चढ़ाव हो रहा है। ऐसे में अपनी करेंसी के मूल्य को बचाने के लिए विभिन्न देशों के सेंट्रल बैंक सोने की खरीदारी कर रहे हैं। इस साल फरवरी में भारत में गोल्ड ईटीएफ में 9.3 करोड़ डालर का निवेश किया गया जो पिछले छह माह में सबसे अधिक है। चीन में भी सोने की मांग लगातार बढ़ रही है। दुनिया में सोने की सबसे अधिक खपत चीन और उसके बाद भारत में होती है। सोने की सीमित आपूर्ति से भी इसकी कीमत लगातार मजबूत हो रही है।



# वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा: विश्लेषक

**- कच्चे तेल के दाम और रुपये का उतार-चढ़ाव भी बाजार की दिशा तय करेगा**

मुंबई ।

इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों, कंपनियों के तिमाही नतीजों तथा वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि आम चुनाव से जुड़ी खबरों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये का उतार-चढ़ाव भी बाजार की दिशा तय करेगा। बाजार` विशेषज्ञों ने कहा कि घरेलू और वैश्विक दोनों मोर्चों पर काफी आर्थिक आंकड़े आने हैं। घरेलू मोर्चे पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के साथ थोक महंगाई दर के आंकड़े जारी किए जाएंगे। वैश्विक स्तर पर सभी का ध्यान अमेरिका के उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों पर होगा। इसके अलावा फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के संबोधन पर भी सभी की निगाह रहेगी। इस सप्ताह चीन के औद्योगिक उत्पादन और जापान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े भी आने हैं। चुनाव के कारण अनिश्चितताओं के चलते घरेलू बाजार में मौजूदा रुझान फिलहाल जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सप्ताह के दौरान निवेशकों की निगाह अमेरिका और भारत की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति, जापान के जीडीपी के आंकड़ों और फेडरल रिजर्व प्रमुख के बयान पर रहेगी। साथ ही बाजार कंपनियों के तिमाही नतीजों से भी दिशा लेगा। सप्ताह के दौरान डीएलएफ, जोमैटो, भारती एयरटेल और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे आएंगे।




बाजार का परिदृश्य प्रमुख वैश्विक और घरेलू आर्थिक आंकड़ों से तय होगा। भारत के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के अलावा अमेरिका के उत्पादक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों, जापान के जीडीपी आंकड़ों तथा फेडरल रिजर्व प्रमुख के वक्तव्य पर सभी की निगाह रहेगी। बाजार विशेषज्ञों का अनुमान है कि बाजार की दिशा कंपनियों के चौथी तिमाही नतीजों के अलावा वैश्विक कारकों तथा चुनाव से जुड़ी खबरों से तय होगी।

## बीते वित्त वर्ष में चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार रहा

**- अमेरिका से भारत का आयात लगभग 20 प्रतिशत घटकर 40.8 अरब डॉलर रह गया**



नई दिल्ली । भारत के साथ व्यापार के मामले में चीन ने अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। चीन बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार रहा है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 118.3 अरब डॉलर रहा है। 2021-22 और 2022-23 में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले वित्त वर्ष में चीन को भारत का निर्यात 8.7 प्रतिशत बढ़कर 16.67 अरब डॉलर हो गया। लौह अयस्क, सूती धागा, कपड़े, मेडअप, हथकरघा, मसाले, फल और सब्जियां, प्लास्टिक और लिनोलियम जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत का निर्यात बढ़ा है। वहीं बीते वित्त वर्ष में पड़ोसी देश से भारत का आयात 3.24 प्रतिशत बढ़कर 101.7 अरब डॉलर हो गया। दूसरी ओर अमेरिका को निर्यात 2023-24 में 1.32 प्रतिशत घटकर 77.5 अरब डॉलर रह गया। 2022-23 में यह 78.54 अरब डॉलर था। अमेरिका से भारत का आयात लगभग 20 प्रतिशत घटकर 40.8 अरब डॉलर रह गया। जीटीआरआई ने कहा कि वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के दौरान शीर्ष 15 व्यापारिक भागीदारों के साथ भारत के व्यापार में काफी बदलाव आया है। इससे न केवल आयात और निर्यात प्रभावित हुआ है बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार अधिशेष और व्यापार घाटे की स्थिति भी बदली है। इसमें कहा गया है कि इस अवधि में चीन को निर्यात में 0.6 प्रतिशत की मामूली गिरावट देखी गई, जो 16.75 अरब डॉलर से घटकर 16.66 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं चीन से आयात 44.7 प्रतिशत बढ़कर 70.32 अरब डॉलर से 101.75 अरब डॉलर हो गया।

# सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी कंपनियों ने अप्रैल में 50,200 करोड़ पूंजीगत व्यय किया

**- पिछले वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 7.42 लाख करोड़ रुपये था**

नई दिल्ली ।

चालू वित्त वर्ष के पहले महीने अप्रैल में सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी कंपनियों ने 50,200 करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय किया है। यह 2024-25 के 7.77 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय लक्ष्य का 6.46 प्रतिशत है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हालांकि, यह पिछले वित्त वर्ष के अप्रैल महीने में खर्च की गई 54,177 करोड़ रुपये से कम है। पिछले वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 7.42 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह अप्रैल में सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उपक्रमों का पूंजीगत व्यय लक्ष्य का 7.3 प्रतिशत रहा था। अधिकारी ने कहा कि आगे चलकर पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी होगी। इसके अलावा अप्रैल के आंकड़े अभी अस्थायी हैं और संशोधित अंतिम आंकड़ों में यह बढ़ जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 के पहले महीने के दौरान पूंजीगत व्यय में प्रमुख योगदान रेलवे, सड़क और तेल और गैस क्षेत्रों का रहा है। भारतीय रेलवे और क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों ने अप्रैल में 26,641 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 6,645 करोड़ रुपये खर्च किए। तेल और गैस क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों में, ओएनजीसी ने चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में 2,318 करोड़ रुपये, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने 2,423 करोड़ रुपये खर्च किए। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने अप्रैल में क्रमशः 1,155 करोड़ रुपये और 417 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया। बिजली क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम एनटीपीसी ने 2,083 करोड़ रुपये खर्च किये। वित्त मंत्रालय उन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के पूंजीगत व्यय की` निगरानी करता है जिनका वार्षिक निवेश लक्ष्य 100 करोड़ रुपये से अधिक है। 2024-25 के अंतरिम बजट में सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए कुल 9.01 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें से 7.77 लाख करोड़ रुपये का निवेश ऐसे सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा किया जाना है जिनका वार्षिक पूंजीगत व्यय लक्ष्य 100 करोड़ रुपये से अधिक है।

## बीते सप्ताह तेल तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए



नई दिल्ली । शिकागो एक्सचेंज में तेजी के बाद देश के बाजारों में शनिवार को सभी तेल तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए तथा सरसों, मूंगफली और सोयाबीन तेल-तिलहन कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूती दर्शाते बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि शिकागो एक्सचेंज कल रात करीब 4.5 प्रतिशत मजबूत बंद हुआ और इसका असर सभी तेल तिलहन कीमतों में देखने को मिला। पिछले सप्ताह सोयाबीन डीगम तेल का दाम पहले के 915-920 डॉलर से बढ़कर 990-1,000 डॉलर प्रति टन हो गया। इस तेजी ने सभी तेल तिलहनों के दाम को मजबूत कर दिया। किसान नीचे भाव में बिकवाली नहीं कर रहे हैं। ब्रांडेड खाद्य तेल बनाने वाली कंपनियों के पास सरसों का स्टॉक नहीं है। किसी अफवाह में फंसकर किसानों ने अब तक बेसब्र बिकवाली का रास्ता नहीं चुना है। इसी तरह बिनौले की उपलब्धता भी काफी कम है। किसान सोयाबीन की भी कम दाम में बिकवाली करने से बच रहे हैं। उन्हें सरकार की ओर से कोई रास्ता निकाले जाने की उम्मीद है ताकि देशी तेल तिलहन की बाजार में खपत की स्थिति तैयार हो। सरसों और मूंगफली अभी भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे दाम पर बिक रहे हैं।



propre
Luxury Real Estate

FOR SALE REAL ESTATE

We provide several modern-style houses that are very suitable for your family, with several types of interesting facilities in them. Get it soon, limited units.



Our housing is close to public roads and it's very easy to access by public transportation.



Our housing also has a public garden, where all residents can enjoy it.



Our housing has a playground for children that the children will definitely like.

For More Information you can contact us
Noida || Greater Noida || Yamuna Expressway || Jewar Airport

or visit us at
+91 9871577057 www.propreluxuryrealestate.com


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in